हरिभूमि
# रायपुर भूमि

■ दो एकड़ जमीन पर होगा निर्माण
■ नगर निगम नोडल एजेंसी ड्राइंग डिजाइन तैयार




### औद्योगिक परिवेश बनेगा

रायपुर में ट्रेड टावर सेंटर का कांसेप्ट बहुत अच्छा है। छत्तीसगढ़ पाजिटिव डायरेक्शन में मूव कर रहा है। कार्पोरेट सेक्टर में छत्तीसगढ़ अच्छा काम कर रहा है। बाहर से बड़ी कंपनियां छत्तीसगढ़ में व्यवसायिक प्रयोजन के सिलसिले में आती हैं, उन्हें हॉटल व बड़ी जगह किराये पर लेना पड़ता है। यहां इस तरह का इंतजाम होने से सेप्रेट केबिन , मीटिंग रूम, कांफ्रेस हाल और डीलर मीटिंग के लिए एक उपयुक्त जगह मिल सकेगी। इसके लिए घंटे के हिसाब से या दिन के हिसाब से किराया रखा जा सकता है।

- **अमर पारवानी,** नेशनल वाइस प्रेसीडेंट कंफेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स

# तेलीबांधा चौक के पास बनेगा पांच मंजिला ट्रेड टॉवर सेंटर, नगर निगम करेगा 40 करोड़ खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के तेलीबांधा चौक के पास नगर निगम पांच मंजिला ट्रेड टावर सेंटर बनवाएगा। इसके लिए दो एकड़ जमीन चिन्हांकित कर ली गयी है। 40 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट की ड्राइंग डिजाइन पर मुहर लग गयी है। राज्य शासन से फंड की स्वीकृति का इंतजार है। फंड मिलते ही इस कार्य के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया जायेगा।

हैदराबाद, बेंगलुरु, मुंबई जैसे महानगरों की तर्ज पर शहर के तेलीबांधा चौक के बगल में पांच मंजिला ट्रेड सेंटर बनाया जायेगा। रायपुर नगर निगम ने इसके लिए दो एकड़ जमीन चयनित कर 40 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट तैयार किया है। राज्य शासन के नगर उत्थान योजना के तहत 5 मंजिला ट्रेड टावर सेंटर के लिए निगम को फंड की स्वीकृति का इंतजार है। इसकी ड्राइंग ▶▶|शेष पेज 13 पर

### युवाओं को वर्किंग स्पेस मिलेगा

तेलीबांधा चौक के बाजू में बनने वाले बिजनेस ट्रेड टावर सेंटर में राज्य के युवाओं को- वर्किंग स्पेस मिलेगा।, जहां नव उद्यमी अपने तकनीकि कौशल बढ़ाने के मकसद से जुटेंगे। उन्हें सर्व सुविधा युक्त सेंटर में वाई-फाई के साथ ही अपने प्रोजेक्ट पर कार्य करने एक उपयुक्त माहौल मिलेगा। इसी हिसाब से इसकी डिजाइन की गयी है। प्राइम लोकेशन पर ट्रेड सेंटर होने से उन्हें आने-जाने में सुविधा रहेगी। साथ ही मल्टीनेशनल कंपनियों के आने से युवाओं को तकनीकि रूप से अपने कॅरियर से जुड़े विषयों पर सीखने व समझने का मौका मिलेगा।

### सर्व सुविधा युक्त ट्रेड टावर सेंटर



तेलीबांधा क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधा युक्त ट्रेड टावर सेंटर बिल्डिंग निर्माण का प्लान फाइनल होने जा रहा है। इससे मल्टीनेशनल कंपनियों को अच्छी सुविधा मिलेगी, प्रदेश के युवाओं को तकनीक और रोजगार के क्षेत्र में अवसर मिलेगा।

- **मीनल चौबे,** महापौर नगर निगम रायपुर

## खबर संक्षेप

### चाकू से जानलेवा हमला 10 वर्ष कैद 3 हजार जुर्माना

**रायपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व तीन लोगों पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश दिग्विजय सिंह की कोर्ट ने 10 साल कैद तथा तीन हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक जानकी बिलथरे के अनुसार, कोर्ट ने पीलेश्वर साहू, देवाराम साहू तथा शिव कुमार यादव पर जानलेवा हमला करने के आरोप में हुलास साहू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पीलेश्वर ने हुलास को सार्वजनिक जगह पर गाली-गलौज करने से मना किया तो उसने अपने अन्य दो नाबालिग साथियों के साथ मिलकर पीलेश्वर पर चाकू से हमला कर दिया। बीचबचाव के लिए आने वाले लोगों पर भी हुलास ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना 27 अक्टूबर 2022 की है।

### जुआ खेलते आधा दर्जन जुआरी गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आधा दर्जन जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जुआरियों के कब्जे से पुलिस ने 43 हजार 400 रुपए तथा ताशपत्ती जब्त की है। जुआ खेलने के आरोप में पुलिस ने नरेश मिश्रा, प्रीतम साहू, कृष्ण शर्मा, धीरज कुमार साहू, तुलसी देवांगन, तरुण देवांगन को गिरफ्तार किया है। सभी जुआरी अरिहंत कांप्लेक्स के पास जुआ खेलते पकड़े गए।

### मान्यता दिलाने रिश्वत मामला, छह आरोपी जेल दाखिल

**रायपुर।** रावतपुरा सरकार आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान (एसआरआईएमएसआर) को मान्यता दिलाने और सीटें बढ़ाने के नाम पर 55 लाख की रिश्वत लेने वाले 6 आरोपियों को 14 दिन के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इसकी अवधि पूरी होने पर 21 जुलाई को कोर्ट में पेश किया जाएगा। सोमवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में कर्नाटक स्थित मंड्या इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के प्रोफेसर डॉ. मंजुप्पा सीएन, डॉ. चैत्रा एमएस, डॉ. अशोक शेलके, रावतपुरा सरकार के निदेशक अतुल कुमार, ए. सतीश और के. रविचंद्र को पेश किया गया। इस दौरान सीबीआई के लोक अभियोजक ने बताया कि उक्त सभी को 1 जुलाई को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया था।

### खेत से 50 फीट लंबा सोलर पैनल केबल पार

**रायपुर।** धरसींवा थाने में एक किसान ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने खेत से 50 फीट लंबा कॉपर का 10 हजार रुपए का सोलर पैनल केबल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। निमोरा निवासी गैतराम साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। गैतराम ने पुलिस को बताया कि पिछले सप्ताह किसी अज्ञात चोर ने उसके खेत में लगे सोलर पैनल का केबल चोरी कर सोलर पैनल में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया है।

निचले इलाकों में पानी भरने से रहवासी रहे परेशान, दर्जनभर से ज्यादा क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित

# बौछारों ने किया शहर को तरबतर, जर्जर भवन गिरा, सड़कों पर भरा पानी, तालाब जैसा नजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सावन के पूर्व बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया है। दो दिन से हो रही मानसूनी वर्षा ने जहां लोगों को गर्मी व उमस से राहत दी, वहीं निचले इलाकों में पानी भरने से रहवासी परेशान रहे। शहर के दर्जनभर से ज्यादा रहवासी इलाकों में बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ। चूड़ीलाइन के नयापारा में सोमवार को बारिश के कारण पुराना कच्चा खाली मकान भरभरा कर गिर गया। इधर राजभवन के सामने वाली सड़क लबालब नजर आयी। माना एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल वाले हिस्से में जलभराव की स्थिति बनी। मोतीबाग चौक से बंजारी बाबा के मजार वाले मार्ग पर घुटनों तक पानी भरने से पैदल चलने वाले दोपहिया, तिपहिया चालक परेशान हुए।

निगम प्रशासन और शहरी सरकार के शहर के नाले-नालियों की तले तक सफाई कराने का दावा खोखला निकला। मानसून की शुरुआती बारिश में शहर के कई इलाकों में जलभराव होने से लोग परेशान रहे। मोतीबाग चौक से बंजारी बाबा मजार मार्ग पर सोमवार की सुबह तालाब सा नजारा देखने को मिला। घुटना भर पानी से होकर लोग अपने गंतव्य तक आते-जाते दिखे। सिविल लाइन स्थित राजभवन के सामने की सड़क लबालब भरने से खासी परेशानी लोगों को उठानी पड़ी।

**राधास्वामी नगर में घरों के सामने घुटना भर पानी :** नगर निगम जोन 6 क्षेत्र स्थित राधास्वामी नगर में नाली का गंदा पानी बारिश में ओवर फ्लो होकर लोगों के आंगन से लेकर घरों तक घुस गया। पानी निकालने लोग घंटों मशक्कत रहे। बदबूदार गंदा पानी घर के सामने भरने से ▶▶|शेष पेज 13 पर

### खास बातें

- प्रोफेसर कालोनी, राधास्वामी नगर, मोतीबाग चौक से बंजारी बाबा मजार तक पानी-पानी
- दर्जनभर से ज्यादा इलाकों में जलभराव से लोग हलाकान
- कलेक्टोरेट, एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल में, राजभवन के सामने की सड़क लबालब



### भाठागांव सड़क पर नाली की गंदगी से परेशानी

भाठागांव क्षेत्र में सोमवार को हुई बारिश के बाद नाली की गंदगी ओवर फ्लो होकर सड़क पर बहने से इस मार्ग में आने-जाने वालों को बदबू और गंदगी से होकर गुजरना पड़ा। शहर के आउटर स्थित लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के सांई नगर, ब्रम्हदेव नगर, वाल्टेयर कालोनी जोरा बस्ती में जलभराव की समस्या लोगों की परेशानी का कारण बनी।








स्कूल खुले एक माह भी नहीं हुआ है और व्यवस्थाओं की पोल खुल गई है। जुलाई की शुरुआती बारिश में ही स्कूल प्रांगण तालाब में तब्दील हो गए हैं। भाठागांव स्थित शासकीय विद्यालय में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी विद्यार्थी कूदते-फांदते अपनी कक्षा तक पहुंच रहे हैं। कक्षाओं की तस्वीरें देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कक्षाएं किसी तालाब किनारे लगाई गई हैं। यहां छात्रों ने मुस्कुराते हुए कहा कि उनके लिए इसमें कुछ भी नया नहीं है। ये हर बार होता है, तो अब इसकी आदत हो गई है। इस बार शहर के सबसे बड़े गर्ल्स स्कूल शासकीय जेआर दानी कन्या विद्यालय ने भी छोटे तालाब का रूप धर लिया है। छात्राओं को साइकिल पार्क करने इन्हें लांघना पड़ रहा है। कई बच्चियों की साइकिल इसमें फंस भी गईं। इस तरह के नजारे जोरा शासकीय विद्यालय सहित शहर के अन्य विद्यालयों में भी देखने को मिल रहे हैं। इनके उलट निजी विद्यालय चकाचक हैं।

### कलेक्टोरेट में बिगड़ी गाड़ियों की चाल, कच्ची सड़क पर जगह-जगह गड्ढों में फंस रहीं

राजधानी रायपुर में सोमवार को मूसलाधार बारिश ने कलेक्टोरेट परिसर में प्रवेश करने वाली गाड़ियों की चाल बदल दी। एसएसपी भवन के पीछे कच्ची सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनमें बारिश का पानी भरते ही इनमें अब गाड़ियां फंसने लगी हैं। यह कच्ची सड़क कृषि विभाग के भवन से लेकर पंजीयन भवन तक जाती है। इस सड़क को पिछले कई वर्षों से पक्का बनाया नहीं गया है, जिसके कारण बारिश के दिनों में हर बार इस मार्ग से आवागमन करने वाले सरकारी दफ्तरों से लेकर आम लोगों को भी परेशान होना पड़ता है।

### गार्डन में भी भरा पानी

कलेक्टोरेट परिसर में सड़क से लगे गॉर्डन में भी पानी भर गया है। इस गॉर्डन में हर दिन लोगों की भीड़ लगी रहती है। इनमें ज्यादातर अपने काम से कलेक्टोरेट एवं कोर्ट पहुंचने वाले लोग होते हैं। पानी भरने के कारण गार्डन के अंदर जा नहीं पा रहे हैं।



### पंजीयन कार्यालय के बाहरी परिसर में भी भरा पानी

पंजीयन कार्यालय के बगल वाले परिसर में भी पानी भर गया है। इसके कारण वाहन से रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचने वाले लोगों को गाड़ी खड़ी करने तथा स्टाम्प हॉल कक्ष तक जाने के लिए पानी से भरे गड्ढे एवं कीचड़ का सामना करना पड़ा।

# नहीं छप सकीं 6वीं की संस्कृत 8वीं की गणित, विज्ञान तथा 9वीं की इंग्लिश की किताबें





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पाठ्यपुस्तक निगम इस बार निजी स्कूलों के लिए पर्याप्त किताबें नहीं छाप सका है। हालात ये हैं कि किताबें लेने गए स्कूलों को आधी-अधूरी किताबें देकर लौटा दिया गया है। उन्हें कहा गया है कि वे 10 दिनों के बाद फिर से आएं ताकि उन्हें अन्य किताबें भी प्रदान की जा सकें। निजी स्कूलों के मुताबिक, छठवीं कक्षा की संस्कृत, आठवीं कक्षा की गणित, विज्ञान सहित संस्कृत तथा नवमी कक्षा की इंग्लिश की किताबें अब तक उन्हें ▶▶|शेष पेज 13 पर

■ पाठ्यपुस्तक निगम की किताबें लेने पहुंचे निजी स्कूलों को आधी पुस्तकें देकर लौटाया

### दो की जगह एक ही बारकोड

किताबें जल्द स्कैन नहीं हो सकने की शिकायत के बाद निजी स्कूलों को यह छूट दी गई थी कि वे अपने कैंपस में ले लाकर स्कैनिंग कर सकते हैं। निजी स्कूल आधी-अधूरी किताबें लेकर अपने कैंपस पहुंच तो गए हैं लेकिन यहां भी बुक्स की स्कैनिंग भी प्रॉपर नहीं हो पा रही है। पुस्तकों में बारकोड प्रिंटिंग अत्यंत धुंधला है और जो दिख ही नहीं रहा है। प्रत्येक किताबों में दो बारकोड का प्रबंध किया गया है। एक बारकोड से प्रिंटर का पता चलेगा और दूसरे बारकोड से उक्त किताब की वितरण स्थिति के संदर्भ में जानकारी मिलेगी। कई किताबों में सिर्फ एक बारकोड ही है। इन किताबों को लेकर भी स्कूल हलाकान हो रहे हैं।

### पेट्रोल के पैसे दे सरकार

निजी स्कूलों के लिए पूरे प्रदेश में सिर्फ 6 डिपो बनाए गए हैं। सैकड़ों किमी की दूरी बार-बार तय करना संभव नहीं है। सभी किताबें एक साथ दी जाएं अथवा हमें पेट्रोल का खर्च मिले।

- **राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

# सीजीएमएससी की सप्लाई अब मिर्गी का झटका रोकने वाली दवा वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारी राशि खर्च कर सीजीएमएससी द्वारा सप्लाई किया गया फ़िनाइटोइन इंजेक्शन जांच में अमानक पाया गया है। दो लैब की रिपोर्ट में इसकी पुष्टि होने के बाद सरकारी अस्पतालों से इस इंजेक्शन की खेप को वापस दवा गोदाम मंगा लिया गया है। यह इंजेक्शन मिर्गी का झटका अथवा सिर पर चोट लगने वालों को लगाया जाता है।

सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों के लिए उपयोग की जाने वाली दवाओं को विभिन्न शिकायत के बाद वापस सीजीएमएससी के गोदाम मंगवाने का सिलसिला जारी है। इस बार सिस्टोग्राम लैबोरेट्रीज लिमिटेड द्वारा सप्लाई किया गया फिनाइटोइन इंजेक्शन को वापस गोदाम भेजने का निर्देश डीके, आंबेडकर अस्पताल सहित तमाम सरकारी अस्पतालों को दिया गया है। शिकायत सामने आई थी कि इंजेक्शन निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं है। इस आधार पर दवा कार्पोरेशन ने अपनी अनुबंधित लैब में जांच कराई थी। पहले टेस्ट में इसके फेल होने पर इसके उपयोग तथा वितरण पर आगामी आदेश तक रोक लगाई गई थी। इंजेक्शन की दूसरी बार जांच कराई गई, जिसमें उसके अमानक होने की पुष्टि हो गई। सीजीएमएससी के अधिकारियों ने इस इंजेक्शन के ▶▶|शेष पेज 13 पर

■ फ़िनाइटोइन इंजेक्शन जांच में अमानक, हुई थी शिकायत

# इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं पहुंच रहे अंकसूची लेने गुस्साए विवि ने कहा- नहीं देंगे छात्रों को मार्कशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि अब अंकसूची को लेकर सख्त हो गया है। महाविद्यालयों को प्रेषित किए गए आदेश में तकनीकी विवि ने दो टूक कहा है कि वे छात्रों को अंकसूची लेने के लिए विश्वविद्यालय भेजने पर रोक लगाएं। इसके अलावा महाविद्यालय के प्राचार्य अथवा डायरेक्टर ऐसे ईमेल भेजने या सहमति पत्र प्रेषित करने से बचें, जिसमें छात्रों को सीधे अंकसूची प्रदान करने की बात कही गई हो। दरअसल, विवि द्वारा सभी इंजीनिरिंग पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम जारी करने के कुछ दिन बाद ही अंकसूची जारी कर दी जाती है। महाविद्यालयों का यह दायित्व होता है कि विवि से इन अंकसूचियों को प्राप्त कर छात्रों को प्रदान करें। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा इस कार्य में विलंब किए जाने के कारण छात्र स्वयं ही विवि पहुंचकर अंकसूची मांग रहे हैं। इससे विवि में व्यवस्था बनाए रखने में दिक्कत हो रही है। इसे देखते हुए विवि ने आदेश जारी कर कॉलेजों से कहा है कि वे अंकसूची लेने के लिए संस्था के कर्मचारियों को भेजें ना कि छात्रों को।

### विवि ने अधिसूचना जारी कर कहा- हम भेज चुके सभी छात्रों की अंकसूची



### भेज चुके हैं सभी अंकसूची

विवि ने जारी अधिसूचना में कहा है कि उनके द्वारा सभी महाविद्यालयों को अंकसूची भेजी जा चुकी है। इसके बाद भी उन्हें छात्रों के आवेदन निरंतर प्राप्त हो रहे हैं। इसमें छात्र नौकरी में तुरंत आवश्यकता सहित उच्च अध्ययन जैसे कई कारणों का जिक्र करते हैं। इसके लिए छात्रों को बार-बार आना पड़ता है। अब इनके स्थान पर महाविद्यालय के कर्मचारियों को भेजा जाए, ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित ना हो।

### मांगी छात्रों की जानकारी

विवि ने सभी कॉलेजों से ऐसे छात्रों की जानकारी मांगी है, जिनकी अंकसूची अब तक उन्हें प्राप्त नहीं हो सकी है। रेगुलर, बैकलॉग, पुनर्मूल्यांकन-पुनर्गणना सहित सभी तरह की अप्राप्त अंकसूची की जानकारी प्रेषित करने कहा गया है। इसके अलावा स्टूडेंट हेल्पडेस्क में आवेदन करने कहा गया है। गौरतलब है कि यह पहली बार है, जब विवि द्वारा अंकसूची को लेकर इस तरह की सख्ती बरती जा रही है। सूत्रों के अनुसार, महाविद्यालयों की उदासीनता के कारण दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी तकनीकी विवि के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। यही कारण है इस बार उन्हें सख्त दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# रायपुर से राजिम तक जाएगी मेमू ट्रेन, 15 अगस्त से चलाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर-धमतरी-राजिम रेललाइन परियोजना का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। 30 जून को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण सिन्हा ने अभनपुर से राजिम के बीच नवनिर्मित रेललाइन का निरीक्षण किया था। इस खंड में गेज कन्वर्जन, मीटर गेज से ब्रॉड गेज में परिवर्तन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। रेल संरक्षा आयुक्त, सीआरएस द्वारा निरीक्षण और अनुमति मिलने के बाद इस रेलखंड पर ट्रेन संचालन की शुरुआत की जाएगी। रेलवे अधिकारियों ने जानकारी दी है कि राजिम तक ट्रेन चलाने की तैयारी चल रही है बारिश अगर बांधा न बने तो 15 अगस्त तक इसके शुरू होने की संभावना है।

■ वर्तमान में रायपुर से अभनपुर के बीच चलाई जा रही मेमू ट्रेन, इसका ही रेलवे करेगा विस्तार

**यात्री बढ़ने की उम्मीद :** इस समय रायपुर से अभनपुर के बीच ट्रेन का संचालन किया जा रहा है, जिसे आगे बढ़ाकर राजिम तक ले जाया जाएगा। ▶▶|शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### पिपरहटटा में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती मनाई

**आरंग।** ग्राम पंचायत पिपरहटटा के बूथ क्र.151 में रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जयंती मनाया गया। जिसमें मुख्य रुप से मंदिर हसौद मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सिंह ठाकुर, बूथ अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर, चैतराम वर्मा, मंदिर हसौद मंडल युवा मोर्चा मंत्री टेकराम साहू, नूतन साहू, खेलुराम वर्मा, पवन वर्मा, स्वत साहू, रितिक वर्मा, भुनेश्वर वर्मा, भूपेंद्र गुरुजी, अरुण वर्मा आदि उपस्थित थे।

### आरंग में भक्ति भाव से मनाई देवशयनी एकादशी



**आरंग।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं अग्रसेन योगासन शाखा आरंग द्वारा देव शयनी एकादशी पर्व भजन कीर्तन, भगवान लक्ष्मी नारायण की आरती एवं प्रसाद का वितरण कर मनाया गया। रविन्द्र अग्रवाल ने बताया कि देवशयनी एकादशी जिसे हरिशयनी या भगवान विष्णु का शयन काल भी कहा जाता है। इस तिथि के बाद भगवान विष्णु आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी से कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि तक अर्थात चार माह तक भगवान विष्णु क्षीरसागर में योग निद्रा में विश्राम करते है, तब सृष्टि का संचालन भगवान शिव के रुद्र रूप द्वारा किया जाता है। इस तिथि तक कोई शुभ कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश एवं शुभ कार्य नही किया जाता। मानव को आत्म अनुशासन में रहते हुए अच्छे कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर बृजेश अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, दीपक साहेब गुरुगोश्वामि, ओम गुप्ता, शिव गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, बलराम साहू, गोपाल पाल, शंकर पाल, रमेश कुमार चौधरी, विनय पटेल, रामकुमार कंसारी, काशी देवांगन एवं अशोक कुमार ठाकुर उपस्थित थे।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का भव्य स्वागत किया

**धरसीवां।** कांग्रेस राष्ट्रीय मल्लिकार्जुन खड़गे जी के आज रायपुर में किसान जवान संविधान सभा में कूंरा नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजा भैया एवं सुरेश साहू के नेतृत्व में नगर के पुरुष एवं महिलाओं सहित 200 कार्यकर्ता खरगे का उनका स्वागत व अभिनन्दन किया एवं उनके संबोधित सभा को सुनने पहुंच कर आनंदित हुए ।

### वन डिपो में अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी नहीं, भड़के शिवसेना के प्रतिनिधि

**आरंग।** शिवसेना के पार्षद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने बताया की विगत एक माह से आम नागरिकों को वन विभाग के डिपो में जलाऊ लकड़ी नहीं होने से दाह संस्कार के लिए लकड़ी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। जिसे लेकर वन विभाग के डिपो पहुंचे पार्षद प्रतिनिधि ने वन विभाग के अधिकारी को फोन लगाया, पर वहां के अधिकारी संतुष्ट पूर्वक जवाब नहीं मिला। उसके बाद उन्होंने एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा को फोन लगाकर जानकारी दी, जिस पर एसडीएम ने व्यवस्था करने वाले की बात कही। राकेश शर्मा ने व्यवस्था नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

## निधन

### राममनोरथ लोधी

**आरंग।** ग्राम कलई निवासी राममनोरथ लोधी (उम्र 65) का



आकस्मिक निधन हो गया है। वे रामावतार लोधी एवं रवि लोधी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम कलई मुक्तिधाम में 08 जुलाई सुबह 10 बजे किया जाएगा।

---

**मांग :** तालाब से निकाली गई मुरूम की हो जांच, राशि पंचायत खाते में जमा करने की मांग

# मुरूम के अवैध उत्खनन से ग्रामीणों में आक्रोश तालाब का सौंदर्यीकरण बना कमाई का जरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

ग्राम पंचायत सांकरा का मांघी तालाब अब कुछ लोगों के लिए कमाई का जरिया बन गया है। आरोप है कि तालाब से सैकड़ों ट्रक मुरूम निकालकर बेची गई है और यह सब साफ-सफाई के नाम पर अवैध उत्खनन के दायरे में आता है। इस मामले में कोई हिसाब-किताब नहीं है कि कितनी मुरूम बेची गई और उस पैसे का क्या हुआ। पूर्व पंच अमर दास टंडन ने इस मुद्दे पर कई बार शिकायत की है, लेकिन खनिज विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। अमर दास टंडन ने बताया कि लगभग 4 एकड़ में फैले मांघी तालाब में मिट्टी नहीं, बल्कि मुरूम है। एक ठेकेदार ने सेटिंग करके तालाब को 10 फीट गहरा खुदवा दिया, जिसके परिणामस्वरूप जेसीबी और पोकलेन मशीनों से सैकड़ों ट्रक मुरूम निकाली गई और आसपास के क्षेत्रों में बेची गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रात के समय भी खुदाई जारी रही, लेकिन खनिज विभाग ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।



### खनिज विभाग के अधिकारी और ग्राम सचिव संपर्क से बाहर

जब उमेश भार्गव, खनिज विभाग से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनका मोबाइल कवरेज क्षेत्र से बाहर बताया गया। वहीं, ग्राम पंचायत सांकरा के सचिव रतन साहू से भी मोबाइल पर संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### जांच और मुआवजे की मांग

अमर दास टंडन ने मांग की है कि तालाब में हुई खुदाई की जांच की जाए और यह पता लगाया जाए कि कुल कितनी मुरूम निकाली गई है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मुरूम की मार्केट कीमत के हिसाब से जितनी राशि बनती है, वह ग्राम पंचायत के खाते में जमा कराई जाए, ताकि गांव के विकास में इसका उपयोग किया जा सके। उन्होंने बताया कि माइनिंग विभाग द्वारा केवल 1000 घन मीटर की अनुमति दी गई थी, लेकिन पूरी तालाब की खुदाई कर दी गई है।

### अधिकारियों का जवाब और संपर्क साधने की कोशिश

ग्रामीणों में इस मुद्दे को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है और वे न्याय की उम्मीद कर रहे हैं। अगर जल्द ही इस मामले में कार्रवाई नहीं की गई, तो ग्रामीण विरोध प्रदर्शन करने की योजना बना सकते हैं। बाबूलाल कुर्रे, तहसीलदार धरसीवा ने सांकरा तालाब के अवैध उत्खनन मामले में जानकारी दी है कि यह मामला अब माइनिंग विभाग के पास चला गया है। उन्होंने बताया कि माइनिंग विभाग ने इस मामले में कार्रवाई की है और इसलिए तहसील कार्यालय इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता।

---

## नवोदय प्रवेश फार्म भरने के लिए प्रधान पाठकों की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सोमवार को जवाहर नवोदय विद्यालय सत्र 2026-27 कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु प्रवेश फार्म भरने के सफल क्रियान्वयन एवं आवश्यक दिशा निर्देश के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग के शैक्षणिक हाल में विकासखंड के समस्त प्राथमिक प्रधान पाठकों की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने संस्था प्रमुखों को प्रेरित करते हुए कहा की इस राष्ट्र स्तरीय परीक्षा में शत प्रतिशत नामांकन होना चाहिए ताकि विद्यार्थियों में कांपीटिशन की भावना उत्पन्न हो एवं मोटिवेट करते हुवे जानकारी दी कि नवोदय विद्यालय से पास आउट ही सबसे अधिक आईएएस बनते है, इसके लिए उन्होंने प्रधान पाठकगण सहित, संकुल समन्वयक गण को भी निर्देशित किया। साथ ही प्रतिदिन ऑनलाइन एमडीएम एंट्री, ऑनलाइन अवकाश प्रक्रिया, बुक स्कैनिंग तथा शालेय समय सारणी का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर वरुण कुशवाहा सहित सहित विकासखंड के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त विद्यालयों के प्राथमिक संस्था प्रमुख एवं संकुल समन्वयगण जितेंद्र शुक्ला, सुरेंद्र चंद्रसेन, प्रहलाद शर्मा, मनोज मुछावर, ममता वर्मा आदि सभी की उपस्थिति रही एवं इस महत्वपूर्ण बैठक को दो पालियों में संचालित किया गया।

---

## मां कौशल्या जिला मानस संघ रायपुर का 19वां वार्षिक हुआ सम्मेलन



**आरंग।** मां कौशल्या जिला मानस संघ रायपुर का 19वां वार्षिक सम्मेलन खिलोरा मानस शक्ति केंद्र के अंतर्गत ग्राम भटगांव में मनाया गया। जिसमें सभी पदाधिकारियों के द्वारा प्रथम भगवान श्रीराम के छायाचित्र पर पुष्प बंदन चंदन पूजा पाठ मंन्त्रोचार कर मंच प्रारंभ किया।

जिसमें राजा मोरध्वज मानस शक्ति केंद्र आरंग के पदाधिकारी एवं सदस्य गण सीताराम यादव, मानस लोधी, अशोक साहू, हीरालाल साहू, संतोष लाला लोधी, भुवन साहू, अवध विश्वकर्मा, देवशरण साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, उदय राम साहू, ओंकार विश्वकर्मा, लोकेश मिर्धा का भटगांव के मानस मंच पर जिला मानस संघ के पदाधिकारी द्वारा श्रीफल एवं राम नाम गमछा फूल माला चंदन बन्दन लगाकर सम्मान किया गया।

मंच पर शक्ति केंद्र आरंग के सदस्यों ने आह्वान किया कि श्री राम चरित्र मानस हम सबको जीवन जीने की कला सिखाती है, रामायण समाज का दर्पण है सत्संग से सदैव जीवन सुधरता और संवरता है यह संदेश श्री राम चरित मानस से मिलता है तथा एकता के सूत्र में हम सबको रहकर श्रीराम के आदर्शों का पालन करेंगे, यह संकल्प शक्ति केन्द्र के पदाधिकारियों द्वारा लिया गया।

## आरंग कॉलेज में मूर्तिकला कार्यशाला का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

बद्री प्रसाद लोधी स्नाकोत्तर शासकीय महाविद्यालय आरंग में संचालनालय, पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए 15 दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। पुरातत्वीय प्रतिकृति प्लास्टर कास्ट विषय पर आयोजित कार्यशाला में मूर्तिकला पर प्रशिक्षण 07 से 23 जुलाई तक पुरातत्व विभाग के कलाकरों द्वारा दिया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभया रा. जोगलेकर के मार्गदर्शन एवं प्रो. ज्ञानेश शुक्ला के नेतृत्व में छात्र-छात्राएं मूर्तिकला की बारीकियां सीखेंगे। कार्यशाला की शुरुआत के समय मां सरस्वती की मूर्ति के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात संजय झरवड़े आर्टिस्ट द्वारा कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. वत्सला मिश्रा, डॉ. एलपी शर्मा, प्रो. अविनाश सिंह, प्रो. पीयूष टाण्डे, प्रो. भुनेश्वर साहू, प्रो. धर्मेंद्र घृतलहरे, प्रो. मनोहर मारकण्डे, प्रो. भावना पुरबिया, पीयूष राठौड सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संकरी सहकारी समिति में पौधारोपण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



ग्राम पंचायत संकरी (को) में सहकारिता दिवस के अवसर पर ग्रामीण सेवा सहकारी समिति के प्रागंण में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के सम्मान का संदेश देते हुए पौधारोपण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्राधिकृत अधिकारी नंदकुमार साहू (पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष समोदा) ने की, जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संचालन हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समिति प्रभारी राधेलाल साहू, ग्राम संकरी के सरपंच पीताम्बर साहू, ग्राम तुलसी के सरपंच गिरधर साहू एवं ग्राम चोरभट्टी के सरपंच आकाश भारती उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर इस अवसर पर क्षेत्र के कई सम्माननीय नागरिकों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी दी, जिनमें बंधुराम साहू ग्राम सभा अध्यक्ष सकरी, पुनीतराम साहू, नारायण साहू (पूर्व सरपंच ग्राम संकरी), भागवत टंडन (ग्राम चोरभट्टी), चम्मनलाल साहू, बलराम साहू, नेतराम साहू (ग्राम तुलसी) एवं अन्य वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति रही। साथ ही समिति के कर्मचारी कमल वर्मा, मुकेश वर्मा, आशाराम साहू, मुकेश साहू के भी उपस्थित थे।

## सहकारिता दिवस पर नगपुरा में किया पौधा रोपण



**आरंग।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सहकारी समिति परिसर नगपुरा में पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समिति अध्यक्ष व भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णा वर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललिता वर्मा, शाखा प्रबंधक जीआर यदु, समिति प्रबंधक हरिश्चन्द्र साहू सहित समिति के कर्मचारियों ने पौधा रोपण किया। समिति अध्यक्ष कृष्णा वर्मा ने कहा कि आज हम इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। पौधा रोपण न केवल हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने में मदद करता है, बल्कि यह हमारे जीवन को भी स्वस्थ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे पौधा रोपण में सहयोग करें और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहे। यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि यह सहकारी समिति की सामाजिक जिम्मेदारी को भी प्रदर्शित करेगा। हमें उम्मीद है कि इस तरह के कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएंगे।

## हैंडबॉल क्लब आरंग के राष्ट्रीय खिलाड़ी को मिला 21000 का प्रोत्साहन राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

हैंडबॉल क्लब आरंग के खिलाड़ी निहाल धीवर का चयन 68वी राष्ट्रीय हैंडबॉल शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 में (14 वर्ष बालक) छत्तीसगढ़ टीम में हुआ था। महासमुंद में आयोजित इस प्रतोयोगिता में छत्तीसगढ़ टीम विजेता रही और स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। निहाल को स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 21000 रूपये का प्रोत्साहन राशि चेक द्वारा प्रदान किया गया। उनका हैंडबॉल ग्राउंड में सम्मान किया गया। इस वसर पर पार्षद खुशबु राकेश शर्मा एवं पुष्कर साहू उपस्थित रहे। हैंडबाल क्लब आरंग के वरुण साहू, बंटी साहू, केके देवांगन, खोमन निषाद, आशीष चंद्राकर, वेदप्रकाश देवांगन, राजा देवांगन, योगेश सोनकर, चोखे देवांगन, देवेंद्र साहू, गौरव ठाकुर, मूलचंद, गज्जू, गणेश, हितेश सोनकर, सलमान, महेंद्र, शानू, वाशु, निहाल, कमलेश्वर कालिया, साहिल, बिट्टू, प्रखर एवं समस्त खिलाड़ियों ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।

### कांग्रेस की रायपुर जनसभा में तिल्दा नेवरा के कार्यकर्ताओं की रही भागीदारी

**तिल्दा नेवरा।** रायपुर में आयोजित कांग्रेस के किसान जवान संविधान जनसभा में तिल्दा नेवरा से बड़ी संख्या में कांग्रेसी हुए उपस्थित। रायपुर में साइंस कॉलेज मैदान में कांग्रेस का किसान जवान संविधान जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे उपस्थित हुए, कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के बड़े नेता, बड़ी संख्या में कांग्रेसी भी उपस्थित रहे। साथ ही इस कार्यक्रम में तिल्दा नेवरा से बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यक्रम में उपस्थित हुए, जिसमें शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवा दास टंडन, कांग्रेसी नेता लक्ष्मी नारायण वर्मा, गजानंद वर्मा, सगुनी सरपंच रजत कश्यप, प्रशांत गुप्ता, के कृष्णमूर्ति, प्रमोद वर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में तिल्दा नेवरा शहर से कांग्रेसी उपस्थित हुए।

### आईटीआई की आवेदन की अंतिम तिथि 18 जुलाई तक बढ़ी

**आरंग।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आई.टी.आई.) टेकारी में सत्र 2024-25 के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) ट्रेड में प्रशिक्षण के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। संस्था द्वारा बताया गया है कि कोपा ट्रेड में सीटों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए पुनः आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 जुलाई से 18 जुलाई 2025 तक बढ़ा दी गई है। संस्थान के प्राचार्य रचना पाटिल ने जानकारी दी।

### भानसोज स्कूल परिसर में किया गया पौधारोपण



**आरंग।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत भानसोज विद्यालय परिसर में पौधा रोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष भूपेश साहू ने कहा पौधा रोपण हमारे संस्कार और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। वहीं प्राचार्य वंदना एस. पाटिल ने कहा की एक पेड़ माँ के नाम लगाकर हम मातृभूमि और मातृशक्ति को नमन कर रहे हैं। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष भूपेश साहू, जनपद सभापति अमर माण्डले, जनपद प्रतिनिधि महेश साहू, जगमोहन बघेल सरपंच भानसोज, प्राचार्य वंदना एस पाटिल, उप प्राचार्य अंजली महादेवकर, विधायक प्रतिनिधि चेतन टंडन, शाला समिति सदस्य लोकेश साहू, नरेंद्र साहू एवं समस्त स्कूल स्टाफ छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधारोपण

**आरंग।** हाई स्कूल तुलसी में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख प्राचार्य एस.के. देवांगन, लूकेश साहू सभापति जनपद पंचायत अरंग, सरपंच गिरधर साहू, उपसरपंच टिकलेज मारकंडे, पंच चंद्रशेखर साहू, नेतराम साहू, संतोष साहू, धनेश्वरी साहू, ग्राम सभा अध्यक्ष बलराम साहू, सचिव चम्मन लाल साहू, गणेश साहू, नाथूराम साहू, राजकुमार जांगड़े, शिक्षक भरत लाल दीवान, भावेश मिश्रा, प्रकाश सोनी, शिक्षिका मेनका नारंग, दीपा सौंधिया व छात्र-छात्राएं सहित ग्रामीण जन सम्मिलित हुए।

---

**समुदाय को प्राकृतिक आपदाओं के प्रति सजग बनाना उद्देश्य**

# प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गांधी मीडियम स्कूल रीवा में वर्षा ऋतु में होने वाली प्राकृतिक जोखिमों जैसे बज्रपात, सर्पदंश एवं बाढ़ आदि से सुरक्षा एवं बचाव की जानकारी देने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समुदाय को प्राकृतिक आपदाओं के प्रति सजग बनाना और आपदा प्रबंधन की बुनियादी जानकारी देना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नुक्कड़ नाटक से हुई, जिसमें वर्षा ऋतु में अक्सर सामने आने वाली घटनाओं जैसे कि बिजली गिरने की घटनाएं, सांप के काटने की स्थिति और उनसे जुड़ी प्राथमिक चिकित्सा उपायों को प्रभावशाली रूप से दर्शाया गया। इस नाटक में बच्चों ने ग्रामीण




परिवेश को चित्रित करते हुए आपदा के समय किए जाने वाले सही कदमों को नाट्य रूप में दर्शाया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने काफी सराहा।

इस अवसर पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें छोटे-छोटे बच्चे वर्षा ऋतु, बिजली, बादल, किसान, प्राथमिक उपचारक, डॉक्टर, पुलिस एवं बचाव दल की पोशाक में शामिल होकर दर्शकों का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने पोशाक के साथ-साथ संबंधित विषय पर दो शब्द बोलकर विषय को और अधिक प्रभावशाली बनाया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बच्चों को बताया गया कि बारिश के मौसम में खुले मैदान, पेड़ के नीचे या जलाशयों के पास मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है। साथ ही सर्पदंश की स्थिति में क्या करना चाहिए, क्या नहीं करना चाहिए इसकी जानकारी भी दी गई। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों से न केवल बच्चों में बल्कि समाज में भी आपदा के प्रति सजगता आती है। इस सम्बंध में प्रधान पाठक खान सर ने कहा कि भविष्य में ऐसी जागरूकता कार्यक्रम जारी रखेंगे ताकि विद्यार्थियों तक सही जानकारी पहुच सके और किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। गांधी मीडियम स्कूल का यह प्रयास सराहनीय रहा जो शिक्षा के साथ-साथ जीवन रक्षक जानकारी देने की दिशा में भी एक प्रेरक उदाहरण बना।

## मछुवारा संघ का बैठक संपन्न



**आरंग।** एकलव्य भवन अमापारा रायपुर में छत्तीसगढ़ मछुवारा संघ प्रदेश इकाई का बैठक संपन्न हुआ। यह बैठक आगामी कार्य योजना को लेकर रखा गया था, जिसमें राष्ट्रीय स्तर का मछुवारा सम्मेलन कार्यक्रम आयोजन को लेकर प्रदेश अध्यक्ष गायत्री गाग्यवाल द्वारा यह बैठक आहूत किया गया था। बैठक मे मछुवारा समाज के सामाजिक प्रतिनिधियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। बैठक में राष्ट्रीय स्तर के मछुवारा सम्मेलन आयोजित कर छत्तीसगढ़ में मछुवारा समाज के जनसंख्या के अनुपात में राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने एवं छत्तीसगढ़ मछुवारा समाज के बहुल्छित मांग अनुसूचित जनजाति में मछुवारा समाज को सम्मिलित करने के साथ साथ मछुआ नीति में जल पर मछुवारा समाज का एकाधिकार हो इस तरह मांग शासन से शांतिपूर्ण ढंग से रखना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य होगा पर चर्चा किया गया। साथ ही इस कार्यकम का तिथि एवं स्थान निर्धारण को लेकर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के सामाजिक जनप्रतिनिधियों व प्रदेश स्तर के सामाजिक जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। आगामी 05 अक्टूबर को राजधानी में विशाल राष्ट्रीय मछुवारा जागरूकता महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें दिगर प्रदेश के मछुवारा समाज के सांसद मंत्री भी सादर आमंत्रित होंगे। इस दौरान राष्ट्रीय मछुवारा संघ की अध्यक्ष गायत्री गायगवाल, पुरुषोत्तम धीवर प्रदेश युवा अध्यक्ष महासभा जगन्नाथ सरपार पूर्व महासभा अध्यक्ष, सेवक राम तारक पुर्व महासभा अध्यक्ष, बसंत निषाद जिलाध्यक्ष निषाद समाज, मोतीलाल हिरवानी महासभा सचिव, झुमुक लाल निषाद मछुआ महासंघ सचिव, रामू लाल तारक, तारामती ओझा सहित मछुवारा समाज के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कैबिनेट की बैठक 11 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र से पहले 11 जुलाई को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक बुलाई गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लग सकती है। बताया जाता है कि सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले विधेयकों को मंजूरी दी जाएगी।

### यशवंत को खेल एवं युवा कल्याण का अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी यशंवत कुमार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पूर्व में यह प्रभार हिमशिखर गुप्ता के पास था। श्री गुप्ता के शेष प्रभार यथावत रहेंगे। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्र के अनुक्रम में यशवंत कुमार को यह अतिरिक्त प्रभार सौंपा जा रहा है। वर्तमान में वे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में भी सेवाएं दे रहे हैं, यह प्रभार उनके पास रहेगा।

### जारी की जाए प्राचार्यों की संशोधित पदोन्नति सूची



**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के पदोन्नति भर्ती नियम में संशोधन के लिए विभिन्न जिलों के लगभग 200 व्याख्याता लोक शिक्षण संचालनालय में एकजुट हुए। उन्होंने प्रधान पाठक पद पर वरिष्ठता प्रदान कर प्राचार्य पद की संशोधित पदोन्नति सूची जारी करने की मांग की। व्याख्याताओं ने कहा, प्रदेश के सैकड़ों व्याख्याता शिक्षक वरिष्ठ होते हुए भी पदोन्नति से वंचित हो रहे हैं। शिक्षा सचिव ने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया है।

### ट्रेड यूनियनों की मशाल रैली आज

**रायपुर।** श्रम संहिता को वापस लेने की मांग को लेकर 9 जुलाई को आयोजित देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के आव्हान पर 8 जुलाई को मशाल रैली निकाली जाएगी। आम जनता को एकजुट यह रैली राजधानी में शाम छह बजे से कर्मचारी भवन सप्रे स्कूल से प्रारंभ होकर निगम कार्यालय, छोटापारा, कोतवाली, बिजली आफिस चौक से वापस सप्रे स्कूल पहुंचकर सभा में तब्दील होगी।

### खारुन किनारे विसर्जन कुंड के पास किया पौधारोपण



रायपुर। अपने माता-पिता की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर महामाया मंदिर के ज्योतिषी एवं भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने बरगद, पीपल आदि पौधारोपण किया। यह पौधारोपण पं. शुक्ला ने अपने माता-पिता के साथ पूरे परिवार द्वारा खारुन नदी के किनारे विसर्जन कुंड के पास किया गया एवं उसके सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगाकर सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है।

### बैकुंठ धाम के सामने कचरे का ढेर, बदबू ने बढ़ाई परेशानी



**रायपुर।** कोटा रोड स्थित बैकुंठ धाम के सामने अवैध रूप से कचरा संग्रहण किया जा रहा है, जिसके कारण आवागमन करने वालों को भारी बदबू का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित लोगों ने बताया कि सामने हनुमान मंदिर है, वहां तक आने वाली बदबू के कारण मंदिर में पूजा करना और मंदिर में पंडित का बैठना भी मुश्किल हो रहा है। साथ ही मंदिर आने-जाने वाले लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रहीं हैं। उन्होंने बताया कि पहले यहां पर आसपास के लोग योगाभ्यास करते थे, लेकिन आज यहां पर उठना-बैठना तक दूभर हो गया है।

# 5 लाख से ज्यादा महिलाएं हर महीने हो रहीं लाभान्वित, इनमें 1 लाख से ज्यादा धरसींवा-2 क्षेत्र की हितग्राही

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

रायपुर जिले में महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 5 लाख से ज्यादा महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। इन सभी महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपए का भुगतान किया जाता है।

जिले में सबसे ज्यादा लाभान्वित होने वाले क्षेत्र में धरसींवा-2 है, जहां एक लाख से अधिक हितग्राही इस योजना का लाभ उठा रही हैं। दूसरे नंबर पर तिल्दा क्षेत्र है, जहां 86 हजार से ज्यादा महिलाएं योजना का लाभ ले रही हैं। आरंग क्षेत्र में हितग्राहियों की संख्या सबसे कम है, यहां लगभग 39 हजार महिलाएं ही योजना से जुड़ी हैं। इसके अलावा अभनपुर में 71744, धरसींवा-1 में 57 हजार, मंदिर हसौद 72 हजार, रायपुर शहर-1 में 55 हजार एवं शहर-2 में 43 हजार महिला हितग्राहियों को प्रति माह एक हजार रुपए मिल रहा है।




रायपुर जिले में लाख से ज्यादा महिलाएं महतारी वंदन योजना में शामिल

### ग्रामीण की तुलना में शहरी क्षेत्र में ज्यादा हितग्राही

महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित होने वाली पात्र महिलाओं में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों की संख्या ज्यादा है। ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी संख्या 2 लाख 65 हजार 449 है, वहीं शहरी क्षेत्र में 2 लाख 70 हजार 401 है। इस तरह शहरी क्षेत्र में लगभग 5 हजार महिलाएं हैं, जो इस योजना का लाभ ले रही हैं।

### सैकड़ों महिलाएं कतार में बहुतों के आवेदन लंबित

सूत्रों के अनुसार महतारी वंदन योजना के तहत अभी भी सैकड़ों की संख्या में आवेदन विभाग में लंबित हैं। बताया जा रहा है कि लंबित आवेदनों में ज्यादातर पहले चरण के बाद किए गए हैं, इसलिए इन आवेदनों को अभी लंबित रखा गया है।

इधर मृत्यु होने के बाद उसके परिजन तथा अपात्र सहित लगभग ढाई हजार हितग्रातियों के खातों में ट्रांसफर हो रही राशि को बंद कराया गया है। विभाग की जांच और भौतिक सत्यापन में इसका पता चला था। करीब 45 से 50 महिलाएं ऐसी भी हैं, जिन्होंने योजना का लाभ लेने आवेदन किया था, लेकिन कुछ महीनों के बाद स्वेच्छा से त्यागकर लाभ लेना बंद कर दिया है।

### पीएसी और कांग्रेस कार्यकारिणी की खड़गे एवं वेणुगोपाल ने ली बैठक

# कांग्रेस में 30 सितंबर तक जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर पर होंगी नियुक्तियां

**आगामी चार माह के कामकाज की रूपरेखा तय की गई**

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रदेश कांग्रेस की दो महत्वपूर्ण बैठकें लीं। पहली बैठक वरिष्ठ नेताओं की प्रदेश पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की तथा दूसरी बैठक प्रदेश कांग्रेस कार्यकारणी की विस्तारित बैठक हुई। बैठक में यह तय किया गया कि जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर पर नियुक्तियां दो माह में पूरी कर ली जाएं।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जनसभा के बाद वहां से सीधे राजीव भवन पहुंचे। वहां पर पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में प्रदेश कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों और नेताओं से चर्चा के दौरान संगठन के कामकाज के संबंध में जाना। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में नेताओं को एकजुट रहकर काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, भाजपा हमारे नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर जेल भेजने की कोशिश कर रही है। उनके प्रयासों को सफल नहीं होने देना है। एकजुटता से इसका जमकर विरोध करें।




### सभी नियुक्तियों को करें पूरा

इन बैठकों में प्रदेश कांग्रेस के कार्यों, आंदोलनों की समीक्षा की गई तथा आने वाले 4 महीने में पार्टी के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय हुई। 30 सितंबर तक पार्टी की जिला, ब्लॉक, मंडल स्तर तक सभी नियुक्तियों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया।

**ब्लॉक कांग्रेस की बढ़ेगी संख्या**

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाले कुछ संगठनात्मक जिलों एवं ब्लाकों को जनसंख्या के अनुपात व भौगोलिक दृष्टिकोण के अनुसार विस्तृत क्षेत्रफल होने के कारण उन जिला एवं ब्लॉकों का पुनर्गठन कर जिला, ब्लॉक बढ़ाये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### बैठक का प्रमुख एजेण्डा

राज्य एवं केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर षड़यंत्रपूर्वक व दुर्भावनावश कांग्रेस नेताओं पर झूठे आरोप लगातार उन्हें जेल भेजा जा रहा है, तद्‌संबंध में चर्चा, राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बस्तर के संसाधन, लौह अयस्कों एवं सरगुजा संभाग के हसदेव अरण्य तथा रायगढ़ जिले के तमनार में गरीब आदिवासियों के जल, जंगल, जमीनों पर कब्जा कर एवं जंगल कटाई कर खनिज संसाधनों के दोहन करने के लिए अपने चहेते उद्योगपतियों को दिया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध नहीं कराने से किसानों में आक्रोश, युक्तियुक्तकरण के तहत 10463 स्कूलों को बंद किये जाने के एजेंडे पर चर्चा की गई।

### वनों की कटाई पर आंदोलन

तमनार के वन कटाई क्षेत्र के प्रभावितों के प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिलकर वस्तुस्थिति की जानकारी दी। प्रदेश कांग्रेस इस मामले में जनआंदोलन छेड़ेगी।

### ये थे मौजूद

बैठक में एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, गुरदीप सिंह सप्पल, प्रणव झा, नवीन शर्मा, एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी एसए संपत कुमार, जरिता लैतफलांग, सहप्रभारी विजय जांगिड़, एआईसीसी सचिव राजेश तिवारी, देवेन्द्र यादव, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, मोहमद अकबर, डॉ. शिवकुमार डहरिया, मोहन मरकाम, अनिला भेड़िया, जयसिंह अग्रवाल, धनेन्द्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, गुरू रूद्र कुमार, उमेश पटेल, अमरजीत भगत, अमितेष शुक्ल, पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, अरूण वोरा, विकास उपाध्याय, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, सेवादल प्रमुख अरूण ताम्रकार, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला उपस्थित थे।

# बलरामपुर में जमकर बरसे बेमेतरा बारिश को तरसा

- राज्यभर में खेती किसानी हुई तेज
- जून से अब तक 291.9 मिमी वर्षा



**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

छत्तीसगढ़ में इस समय राज्य के कई जिलों में उम्मीद से अधिक बारिश हो रही है, दूसरी ओर कुछ जिलों में लोग बारिश के इंतजार में हैं। हालांकि इस बीच राज्यभर में खेती किसानी की गतिविधियां शुरू हो गई हैं। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 291.9 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 447.8 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 113.7 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

### जिलेवार बारिश का हाल

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा में 244.9 मि.मी., सूरजपुर में 394.7 मि.मी., जशपुर में 410.2 मि.मी., कोरिया में 371.0 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 281.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर जिले में 192.5 मि.मी., बलौदाबाजार में 259.0 मि.मी., गरियाबंद में 230.4 मि.मी., महासमुंद में 249.3 मि.मी. और धमतरी में 233.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर में 276.0 मि.मी., मुंगेली में 318.5 मि.मी., रायगढ़ में 426.9 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 316.0 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 385.8 मि.मी., सक्ती में 323.3 मि.मी. कोरबा में 394.5 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 286.7 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। दुर्ग जिले में 144.7 मि.मी., कबीरधाम में 195.7 मि.मी., राजनांदगांव में 140.9 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 353.2 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 160.8 मि.मी., बालोद में 198.9 मि.मी. और बस्तर जिले में 431.0 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। कोंडागांव में 248.5 मि.मी., कांकेर में 306.8 मि.मी., नारायणपुर में 304.9 मि.मी., दंतेवाड़ा में 385.0 मि.मी., सुकमा में 192.9 मि.मी. और बीजापुर में 412.7 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

# कबीरधाम कलेक्टर ने खेद जताया, आंदोलन स्थगित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

कबीरधाम जिले के कलेक्टर द्वारा एक कर्मचारी से उठक बैठक कराए जाने के मामले में खेद जताने के बाद आक्रोशित शासकीय कर्मियों ने आंदोलन स्थगित कर दिया है।

पिछले दिनों ये मामला सामने आने के बाद कबीरधाम कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा कर्मचारियों के साथ किए गए सार्वजनिक दुर्व्यवहार के विरोध में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के समस्त जिलों में विरोध स्वरूप मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। फेडरेशन ने सरकार से मांग की थी कि उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच कराई जाए एवं संबंधित के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए।

फेडरेशन ने इस संबंध में जारी बयान में कहा है कि फेडरेशन के जिला संयोजक प्रताप चंद्रवंशी एवं प्रतिनिधिमंडल के साथ सार्वजनिक रूप से चर्चा करते हुए फेडरेशन के प्रति अपनी बात स्पष्ट की गई तथा खेद प्रकट किया गया। कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी। इस घटनाक्रम के बाद फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, जीआर चंद्रा, रोहित तिवारी एवं संजय सिंह ठाकुर ने संयुक्त रूप से यह घोषणा की है कि चूंकि कलेक्टर द्वारा खेद व्यक्त कर लिया गया है, इसलिए इस प्रकरण के विरोध में प्रस्तावित आगामी चरण के आंदोलन को स्थगित किया जाता है।



- कर्मी से कराई थी उठक बैठक
- फेडरेशन ने आंदोलन की चेतावनी दी थी

# नए नियमों से बिल्डरों पर कसेगा शिकंजा, अवैध प्लाटिंग पर लगेगी रोक, बेचकर भी किसान-खरीदार का रहेगा पार्टनर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

छत्तीसगढ़ में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के लिए नया कानून लाया गया है। इसके तहत कई नए नियम लागू किए गए हैं। इन नियमों से बिल्डरों पर शिकंजा भी कसेगा। इन नियमों के लागू होने के बाद कोई भी अवैध प्लाटिंग कर नहीं पाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान रहेगा। अब तक देखा गया है कि बिल्डर किसी भी किसान की जमीन कम दर पर खरीदकर वहां कालोनी या फिर अन्य प्रोजेक्ट लाकर उस जमीन के जरिए जमकर मुनाफा कमाता है, लेकिन नए नियम के तहत जमीन बेचने के बाद किसान का जमीन पर हक जरूर नहीं रहेगा, लेकिन उस जमीन पर अगर कोई कालोनी या प्रोजेक्ट संबंधी कोई प्रस्ताव बिल्डर बनाता है, तो इसके लिए पहले उसे संबंधित जमीन के किसान से भी सहमति लेनी होगी। उसकी सहमति के साथ बिल्डर को उस जमीन पर नया कार्य शुरू करने की अनुमति मिल पाएगी। इस तरह अपनी जमीन बेचने के बाद भी किसान उस जमीन के खरीदार का पार्टनर की तरह जुड़ा रहेगा, जिससे उसे लाभ भी मिलेगा।




### किसानों को भी मिलेगा फायदा

नए नियमों से कृषि भूमि बेचने वाले किसानों को भी फायदा होगा। जमीन बेचने के बाद भी एक प्रकार से वे खरीदार या बिल्डर के पार्टनर की तरह होंगे, क्योंकि उस जमीन पर कोई भी कालोनी का निर्माण या प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए उनकी सहमति वाले आवेदन को ही अनुमति मिलेगी। इससे जमीन बेचने के बाद भी किसान को भी लाभ मिलेगा।

- विनीत नायर, उप संचालक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रायपुर

### दावा-आपत्ति, सुझाव का अंतिम दिन आज

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट ने छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास नियम 2025 के तहत प्लाटिंग करने के नियमों में बदलाव किया है। इस संबंध में दो सप्ताह पहले अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इन नियमों को पूरे राज्य में लागू किया जाना है। रायपुर जिले में इसे लागू करने के लिए दावा-आपत्ति एवं सुझाव भी मंगाए गए थे, जिसका मंगलवार को अंतिम दिन है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नए नियमों के लिए दावा-आपत्तियों के साथ कुछ सुझाव भी आए हैं। उनका कहना है कि अंतिम दिन के बाद ही वे बता पाएंगे कि कुल आपत्ति एवं सुझाव कितने आए हैं। अधिकारियों का यह भी कहना है, आपत्तियों का निराकरण एवं सुझाव पर विचार शासन स्तर पर किया जाएगा। इसके बाद ही नए नियम लागू किए जाएंगे।

### दूसरे जिलों से भी मंगाई गई है दावा-आपत्ति व सुझाव

सूत्रों के अनुसार विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना के तहत दूसरे जिलों में भी दावा-आपत्ति एवं सुझाव मांगे गए हैं। इन सभी जिलों से आपत्ति एवं सुझाव आने के बाद इनका परीक्षण किया जाएगा, जो आपत्तियां सही होंगी, उनका निराकरण भी किया जाएगा।

### नए कानून में इन नियमों का करना होगा पालन

प्लाटिंग करने वालों को कलेक्टर गाइडलाइन के मुताबिक शुल्क अदा करना होगा, जिससे सरकार का राजस्व बढ़ेगा। साथ ही कृषि जमीन पर अवैध प्लाटिंग का काम बंद भी हो जाएगा। अभी तक बिल्डर या भू-माफिया कोई भी कृषि भूमि को क्रय करने के बाद प्लॉट काटना शुरू कर देते थे, लेकिन नए नियम के तहत प्लाटिंग अब दो एकड़ से कम जमीन पर नहीं की जा सकेगी। इसकी अनुमति नहीं होगी।

### प्लाटिंग से पहले से पूरा प्लान शो करना होगा

अब तक देखा जाता है कि कई बिल्डर प्लॉट काटने के बाद तय करते थे कि उसकी कुल जमीन में कौन से हिस्से में कौन सा निर्माण करना है, लेकिन नए नियम के तहत अब प्लॉट काटने से पहले अपने पूरे प्लान को शो करना होगा कि कौन से क्षेत्र में सड़क, व्यावसायिक काम्पलेक्स, गॉर्डन या अन्य का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा बाउंड्रीवॉल बनाकर वहां बोर्ड भी लगाना होगा।

### शहरभर से 3242 लोगों ने नाली जाम और नाला सफाई की समस्या बताई

# निदान 1100 में 1 माह में 7 हजार से ज्यादा कॉल सबसे ज्यादा शिकायतें नाला-नाली सफाई की

**कूड़ा निपटान की शिकायत दूसरे नंबर पर**

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

आम जनता की समस्या का त्वरित निदान करने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा खोले गये निदान 1100 में शिकायतों का अंबार है। सबसे ज्यादा शिकायतें नाला-नालियों की सफाई और कूड़ा के निपटान को लेकर मिली है।

पिछले एक माह में सबसे ज्यादा नाला-नालियों को लेकर शिकायतें लोगों ने खुलकर कीं। शहरभर से 3,242 कॉल नाला और नाली में गंदे पानी की निकासी को लेकर दर्ज कराई, शिकायतों की फेहरिस्त में दूसरा कूड़ा निपटान में कोताही को लेकर लोगों ने की। वहीं जल आपूर्ति की समस्या भी लोगों के लिए परेशानी का कारण रही। इसके लिए शहर के अलग-अलग इलाकों से 536 लोगों ने कॉल कर जल विभाग से पानी की किल्लत दूर करने मदद मांगी। कुल मिलाकर लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही। शहरवासियों की निगम से जुड़ी समस्या का त्वरित निवारण करने महात्मा गांधी सदन में ऑनलाइन शिकायत प्रणाली निदान 1100 की व्यवस्था नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने की है। इस सेंटर में शहर के किसी भी इलाके से लोग घर बैठे अपनी समस्या फोन पर 24 घंटे ऑनलाइन बता सकते हैं। जनशिकायत की ऑनलाइन निवारण प्रणाली के तहत लोगों से प्राप्त शिकायतों को संबंधित सेंटर से सीधे उस जोन के विभागीय अधिकारी के पास भेजने की व्यवस्था है। इसके बाद भी लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही। 6 जून 2025 से 6 जुलाई 2025 तक निदान 1100 में अलग-अलग जगहों से 7,499 लोगों ने कॉल कर ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराईं। इसमें से 6,659 शिकायतों का समय रहते निराकरण किया गया,जबकि 840 शिकायतें अभी भी लंबित हैं।




### विभागवार प्राप्त शिकायतों पर एक नजर

| | |
|---|---|
| नाला और नाली सफाई | 3,242 |
| सालिड वेस्ट मैनेजमेंट | 1,395 |
| जल आपूर्ति | 596 |
| मृत पशु उठाने से संबंधित | 166 |
| डोर टू डोर कचरा कलेक्शन | 478 |
| गाय व कुत्ता पकड़ने | 258 |
| फागिंग | 161 |
| भवन अनुमति | 65 |
| स्ट्रीट लाइट | 425 |
| सीवर लाइन | 42 |

इसके अलावा फायर, पाल्यूशन, लोक निर्माण, पेंशन, प्राइवेट सेप्टिक टैंक और राशनकार्ड के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुईं।

# लभांडी और फुंडहर की पानी टंकी का अधूरा काम होगा अब पूरा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

शहर के आउटर वार्ड के रहवासियों को लभांडी और फुंडहर में बनाई गई नई पानी टंकी से पीने का साफ पानी मिलेगा। टंकियों को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन के लिए पाइप लाइन बिछाने नगर निगम को अब पंद्रहवें वित्त आयोग मद से राशि मिलेगी। इसके लिए निगम ने 48 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पास भेजा था। लभांडी और फुंडहर की नई पानी टंकी का अधूरा काम अब जल्द शुरू होगा। तीन साल से फंड नहीं होने से लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने राइजिंग लाइन बिछाने का काम अटका रहा। अब इंटर कनेक्शन का काम शुरू होने के साथ ही स्कॉडा सिस्टम विकसित करने और घरों में वाटर मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू होगी। पंद्रहवें वित्त आयोग के जल घटक से इस कार्य के लिए 48 करोड़ रुपए नगर निगम को मिलेंगे। नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के दोनों गांव लभांडी और फुंडहर के रहवासी अब तक बोरवेल और कुंये के भरोसे हैं। नई पानी टंकी शुरू होने से पानी की समस्या नहीं होगी।



फाइल फोटो

- पंद्रहवें वित्त आयोग से मिलेगी 48 करोड़ की राशि
- नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ा जाएगा, डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछायेंगे

# कम हुआ कोरोना, मगर मौसम बदलते ही सामान्य सर्दी-खांसी के मरीज बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अन्य राज्यों में उछाल के बाद छत्तीसगढ़ में भी सामने आ रहे कोरोना के केस अब पूरी तरह नियंत्रित हो गए हैं। राज्य में अब केवल 11 एक्टिव केस रह गए हैं, जिनमें से 1 का इलाज अस्पताल में चल रहा है। दूसरी ओर बारिश की गतिविधि बढ़ने के बाद लोग मौसमी सर्दी-खांसी से बीमार होने लगे हैं।

■ बारिश से मौसम में आई ठंडकता तो लोग बीमार होने लगे

राज्य में पिछले दो महीने से कोरोना की जांच और केस सामने आने का दौर चल रहा है। अब तक यहां कुल 222 केस डिटेक्ट हुए हैं, जिसमें से 209 लोग ठीक हो चुके हैं और और 11 एक्टिव केस में शामिल हैं। कोविड पॉजिटिव होने के पहले दूसरी तरह की गंभीर बीमारी से पीड़ित राजनांदगांव जिले के दो मरीजों ने दम तोड़ दिया था। बीच के दिनों में रोज आठ से दस नये केस सामने आ रहे थे जो अब कम होकर एक-दो में सिमट गए हैं।

आईडीएसपी के नोडल अधिकारी डॉ. खेमराज सोनवानी ने बताया कि संदिग्धों की जांच कोविड लक्षणों के आधार पर की जाती है। दूसरी को बारिश की गतिविधि बढ़ने और मौसम में ठंडकता आने के बाद मौसमी सर्दी-खांसी की शिकायत लेकर भी अस्पताल तक पहुंच रहे हैं। लक्षण के आधार पर उन्हें दवा दी जा रही है और दो से तीन खुराक में इसका असर भी होता दिख रहा है। आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि अभी मौसमी बदलाव के कारण मरीज दिख रहे हैं। इनकी संख्या चिंतनीय नहीं है।

## राज्य में कोविड के एक्टिव केस केवल 11, एक अस्पताल में



### सर्पदंश पर जारी की गई एडवाइजरी

बारिश के प्रारंभ होने के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा इलाज के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है। अधिकारियों के अनुसार विषैले सर्पों के काटने का इलाज अस्पतालों में उपलब्ध एंटीवेनम से ही होता है। चिकित्सकों के अनुसार सर्पदंश की स्थित में मरीज के घबराने से हृदय गति बढ़ती है जिससे विष तेजी से फैलता है। ऐसी स्थिति में तुरंत ही नजदीक के अस्पताल जाना चाहिए। राज्य में पिछले कुछ समय से सर्पदंश की घटनाएं बढ़ गई है और अकेले आंबेडकर अस्पताल में इससे शिकार होकर 40 से ज्यादा लोग इलाज के लिए पहुंच चुके हैं।

## खबर संक्षेप



### वैश्विक साहित्य सम्मान से कवि संजीव ठाकुर हुए सम्मानित

रायपुर। निर्दलीय पब्लिकेशन के 52वें स्थापना दिवस के अवसर पर भोपाल स्थित गांधी भवन में रविवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ख्यातिप्राप्त साहित्यकार, कवि संजीव ठाकुर को वैश्विक साहित्य सम्मान और राष्ट्रीय ज्ञान प्रज्ञा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि अप्रवासी भारतीय कवि, लेखकों,प्राध्यापकों और साहित्यकारों को प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मान से विभूषित किया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस शरदचंद्र बेहार, कवि राजेश जोशी, पत्रकार चिन्मय मिश्र एवं निर्दलीय प्रकाशन समूह भोपाल दिल्ली के संपादक संचालक कैलाश श्रीवास्तव 'आदमी' एवं प्रिंस अभिषेक अज्ञानी की उपस्थित थे।

### कोटा स्कूल में मनाया शाला प्रवेशोत्सव, पुस्तकें भी बांटी



रायपुर। शहीद मनमोहन सिंह बख्शी वार्ड 23 में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला कोटा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने छात्र और छात्राओं को निशुल्क शाला गणवेश कक्षावार पुस्तक के साथ वितरित किया। यह वितरण पार्षद संजय बिलथरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रकाश जगत, पार्षद अमर सिंह ठाकुर, समाजसेवी दुर्गा सिंह ठाकुर, पूर्व प्रधानपाठिका पुष्पा देवी साहू, एसएमसी अध्यक्ष गायत्री साहू, हिरण साहू, मुरली तिवारी, किरण बागड़े, वरिष्ठ शिक्षक सुहागिन देवी, रामअवतार घृतलहरे और सभी शिक्षक शामिल हुए।

## निधन

### महादेव प्रसाद श्रीवास्तव



रायपुर। महासमुंद के स्थानीय पुराना सिविल लाइंस निवासी सेवानिवृत्त प्रधानपाठक महादेव प्रसाद श्रीवास्तव (87) का 7 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 जुलाई को सुबह 10 बजे भलेसर मार्ग मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे कुमारेश, नितेश व मनीष श्रीवास्तव के पिता थे।

## ईओडब्लू ने गिरफ्तार कर तेलीबांधा पुलिस के सुपुर्द किया था

# तांत्रिक, कारोबारी केके श्रीवास्तव ठगी के आरोप में जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठगी के आरोप में भोपाल से गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी केके श्रीवास्तव की 12 दिन की पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद पुलिस ने सोमवार को उसे सीजेएमएफसी कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर केके श्रीवास्तव को 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। 12 दिन की पूछताछ में केके श्रीवास्तव से पुलिस को कई महत्वपूर्ण तथ्य मिले हैं, जिनके आधार पर पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी।

■ 12 दिन की पुलिस रिमांड पर पुलिस को मिली कई महत्वपूर्ण जानकारी

स्मार्ट सिटी और एनआरडीए में 500 करोड़ का काम दिलाने का झांसा देकर दिल्ली के कारोबारी रावत एसोसिएट के मालिक अशोक रावत से केके श्रीवास्तव ने 15 करोड़ ठगी की थी। इस आरोप में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। केके श्रीवास्तव ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि उसने म्यूल बैंक खातों के माध्यम से देशभर से करोड़ों रुपये की ठगी की है। पूछताछ में उसने यह भी बताया कि वह नकदी में कई प्रभावशाली राजनेताओं को पैसा पहुंचाता था। हालांकि, पुलिस को इन दावों के अब तक दस्तावेजी प्रमाण नहीं मिले हैं। पूछताछ के दौरान केके ने कई बार पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की।



### ठगी के पैसों से स्टील इंडस्ट्रीज

पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि केके ने ठगी के पैसों की एक बड़ी राशि स्टील इंडस्ट्रीज के साथ अन्य कारोबार में निवेश किया है। केके के खातों की जांच में अब तक 300 करोड़ रुपए के लेनदेन का उजागर हुआ है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के मकानों में रहने वाले लोगों के नाम से केके ने म्यूल अकाउंट खोला था। पुलिस ने इन खातों की जांच आयकर विभाग को सौंप दी है। एफआईआर के अनुसार केके के साथ उसका बेटा कंचन श्रीवास्तव भी इस ठगी में शामिल रहा है।

### सीएम हाउस तक सीधी पहुंच

केके श्रीवास्तव कथित तौर पर तांत्रिक अनुष्ठान करने का कार्य करता था। ठग ने पूर्व मुख्यमंत्री सहित कई नेताओं को झांसे में लेकर कई तांत्रिक अनुष्ठान किए। इसी तरह के कथित तौर पर धार्मिक अनुष्ठान कर केके ने नेताओं के बीच ऐसा रुतबा बना लिया था कि उसकी पहुंच सीधे मुख्यमंत्री निवास तक हो गई। इसी बात का फायदा उठाते हुए केके ने ठगी की।

### नेपाल सहित देश के कई राज्यों में छिपने के बाद पकड़ा गया

पूछताछ में केके ने पुलिस को बताया कि वह फरारी के दौरान देश के अलग-अलग राज्यों में छिपता रहा है। इसके अलावा लंबे अरसे तक केके तथा उसका बेटा नेपाल में फरारी काट रहे थे। पुलिस उन्हें ट्रेस न कर पाए, इसके लिए केके ने अपना महंगा आई फोन तक तोड़ दिया था। गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने केके को भोपाल से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। केके तथा उसका बेटा भोपाल के जिस होटल में रुके थे, उस रूम को दोनों बाप बेटा छोड़ने की तैयारी कर रहे थे, इस दौरान पुलिस ने दोनों बाप बेटे को गिरफ्तार कर लिया।

## राजेंद्र बने सर्किल स्टेशन लोधीपारा के अध्यक्ष



रायपुर। लोधी क्षत्रिय समाज रायपुर के अधीनस्थ सर्किल स्टेशन लोधीपारा में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कुमार सिंगौर एवं पर्यवेक्षक बंधु जंघेल और योगेश जंघेल की उपस्थिति रविवार को स्टेशन के पास लोधीपारा के एक रेस्टोरेंट में निर्वाचन का कार्यक्रम हुआ, जिसमें महिला एवं पुरुष पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र भी दिया गया। सर्किल अध्यक्ष राजेंद्र जंघेल, उपाध्यक्ष बाल मुकुंद चंदेल, सचिव सतीश जंघेल, कोषाध्यक्ष प्रकाश जंघेल एवं संयुक्त सचिव मधुसूदन जंघेल चुने गए।

इसी प्रकार सर्किल में महिला पदाधिकारी में सर्किल अध्यक्ष सविता जंघेल, उपाध्यक्ष नीता जंघेल, सचिव पम्पा चंदेल, कोषाध्यक्ष कौशल्या जंघेल, संयुक्त सचिव लक्ष्मी जंघेल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस कार्यक्रम में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अधीन जंघेल, महासचिव दीपक जंघेल, देवराज जंघेल, कृपा जंघेल, श्रवण जंघेल, ओम जंघेल सहित बड़ी संख्याएं सर्किल के माता एवं बहनें उपस्थित थीं।

## कांग्रेस अध्यक्ष का पूर्व महापौर ने किया स्वागत



रायपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सोमवार को साइंस कॉलेज मैदान में कांग्रेस की जनसभा में शामिल होने छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचे। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर पहुंचकर पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने उनका स्वागत-अभिनंदन किया।

## नियम 12 घंटे का, रेजिडेंट डाक्टर्स कर रहे 36 घंटे की ड्यूटी शिकायत मानसिक थकान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा रेजिडेंट डाक्टरों की ड्यूटी के लिए 12 घंटे निर्धारित है, मगर सरकारी अस्पतालों में उनसे लगातार 36 घंटे काम लिया जा रहा है। तर्क दिया जा रहा है कि ज्यादा ड्यूटी करने की वजह से उन्हें मानसिक थकान हो रही है, जिससे उनकी कार्यक्षमता और रोगी देखभाल की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

सी जी डी ए फ, आईएमए सहित विभिन्न संगठनों ने इस पर आपत्ति जताते हुए ड्यूटी अवधि कम करने की मांग की है। उन्होंने तर्क दिया है कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा एनएमसी को पत्र लिखकर इसे प्रायोगिक धरातल पर लाने का निर्देश जारी किया गया है। चिकित्सकीय संगठनों का कहना है, जूनियर डाक्टरों की कार्य अवधि तय करने के लिए देशभर में आवाज उठाई जा रही है। उनका तर्क है कि रेजिडेंट डाक्टर्स की ड्यूटी प्रतिदिन 12 घंटे से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा रात्रि ड्यूटी के बाद उन्हें एक दिन का अवकाश मिलना चाहिए।

■ विभिन्न चिकित्सकीय संगठनों ने ड्यूटी अवधि कम करने की मांग की

लगभग सभी शासकीय मेडिकल कालेज में इस नियम की अनदेखी हो रही है। रेजिडेंट डाक्टरों से लगातार 36 घंटे की ड्यूटी ली जा रही है। एनएमसी द्वारा दो साल पहले जारी गाइडलाइन में इस बात का जिक्र किया गया था कि रेजिडेंट डाक्टरों के कार्यावधि तय होनी चाहिए, मगर किसी भी शासकीय कालेज द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### तेलीबांधा चौक के पास...

डिजाइन तैयार करवा ली गयी है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ट्रेड टावर में अलग से बिजनेस कांफ्रेंस हॉल रहेगा। ठहरने के लिए हॉटल और खाने पीने की सुविधा के लिए रेस्टारेंट भी रहेगा। 5 मंजिला व्यावसायिक परिसर में पार्किंग के लिए अलग से स्पेस रहेगा। इसके साथ ही परिसर हाईटेक सीसीटीवी कैमरे से लैस रहेगा। सेंटर में अलग-अलग प्रयोजन के हिसाब से कक्ष भी तैयार किये जाएंगे। प्लान ऐसा है कि इंफोसिस, गूगल, विप्रो जैसी मल्टीनेशनल कंपनियों के आने में किसी तरह की दिक्कत न हो। यानी एक ही कैंपस में सारी तरह की सुविधाएं मिलेंगी।

### बौछारों ने किया...

लोगों को आवाजाही में भी खासी दिक्कत हुई। वामनराव लाखे वार्ड की प्रोफेसर कालोनी सेक्टर1, सुमेरूमठ, शीतला कालोनी, आदिवासी कालोनी कुशालपुर, बंजारी नगर बस्ती, दंतेश्वरी मंदिर से रिंग रोड इलाका में जलभराव की समस्या ने लोगों को परेशानी में डाला। *0 दलदल सिवनी के दयानगर में किचन तक पहुंचा गंदा पानी :* नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दलदल सिवनी क्षेत्र स्थित दयानगर कालोनी में सड़क से लेकर लोगों के घरों तक नाले का गंदा पानी भरने से

### पेज 11 के शेष ...

रहवासी परेशान रहे। किचन तक गंदा पानी घुसने से लोग हलाकान रहे। पानी को निकालने उन्हें खासी मेहनत करनी पड़ी। नंदनी मितानिन गली में यह स्थिति देखने को मिली। हर्ष प्राइड गेट नंबर 2 में लबालब पानी भरने से स्थानीय रहवासी त्रस्त रहे। *नाले का गंदा पानी से दिक्कत :* शहर की पॉश कालोनी में शुमार समता कालोनी मुख्य मार्ग में नाले-नालियों का गंदा पानी पूरे वेग के साथ सड़क पर बहने से लोग परेशान रहे। राहगीर छई छपाक के चलते वाहनों के छींटे से बच नहीं पाए। ट्रैफिक जाम की स्थिति भी कुछ देर तक देखने को मिली। जोन 7 कार्यालय से अग्रसेन चौक मार्ग के दोनों ओर सड़क पर पानी भरने से आसपास के रहवासी परेशान हुए।

### सीजीएमएससी की सप्लाई...

बैच को वापस लेकर कंपनी को नये बैचे के इंजेक्शन सप्लाई का आदेश दिया है। दवा निगम द्वारा इसके पहले प्रेग्नेंसी डायग्नोस्टिक किट और ग्लूकोज चढ़ाने वाले ड्रिप के सेट को भी शिकायत के बाद वापस बुलाया गया है।

### नहीं छप सकी...

नहीं मिल सकी हैं। उन्हें बुक डिपो में कुछ विषयों की ही पुस्तकें देकर लौटा दिया गया है तथा शेष किताबों के लिए 10 दिन बाद आने कहा है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष रद्दी में करोड़ों के किताब मिलने के बाद जांच कमेटी बैठाई गई थी। उक्त कमेटी की रिपोर्ट आने और व्यवस्था में आवश्यक सुधार के बाद ही किताब प्रकाशन के लिए भेजी गईं। इसके कारण मौजूदा वर्ष में किताब प्रकाशन में विलंब हुआ है।

### रायपुर से राजिम तक...

उल्लेखनीय है कि 31 मार्च को इस रूट पर पहली बार रायपुर से अभनपुर के बीच ट्रेन चलाई गई थी। फिलहाल इस खंड में हर माह लगभग एक हजार यात्री यात्रा कर रहे हैं। राजिम तक ट्रेन सेवा शुरू होने के बाद यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की उम्मीद है। स्थानीय लोगों के लिए यह रेलसेवा एक बड़ी राहत साबित होगी और क्षेत्रीय संपर्क को भी मजबूती मिलेगी। वर्तमान में राजिम स्टेशन के दोनों छोर पर अतिक्रमण है। जिसे हटाने के लिए स्थानीय प्रशासन से बात की जा रही है। अफसरों के अनुसार यात्री ट्रेनें चलाने में रेलवे को परेशानी नहीं है। इसके अलावा अभनपुर से धमतरी के बीच भी गेज कनवर्जन कार्य प्रगति पर है। दिसंबर में धमतरी तक ट्रेन शुरू करने की बात कही जा रही है। हालांकि पूरी तरह से धमतरी तक रेल सेवा शुरू करने के लिए 2026 का ही लक्ष्य रखा है।

**न्यायालय-प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
**समंस/ नोटिस**

व्य.वा.क्र. - 330A/2025,
आदेश दिनांक -28.06.2025
पेशी दिनांक - 29.08.2025,
प्रोसेस क्र. - 129/2025

**श्रीमती मंजू सारथी, पति श्री राजेन्द्र कुमार सारथी निवासी-कृष्णा सोसायटी के सामने, चकरभाठा थाना-चकरभाठा तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)** .....आवेदिका

विरूद्ध

**राजेन्द्र कुमार बघेल, पिता श्री पी.आर. बघेल आयु 53 वर्ष निवासी-नया मंदिर के पास, सरस्वती चौक, पुरानी बस्ती रायपुर थाना पुरानी बस्ती रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)** ...अनावेदक

इस न्यायालय में आवेदिका-**मंजू सारथी** ने अनावेदक के विरूद्ध **धारा-13 (1) (ए) हिन्दू विवाह अधिनियम विवाह विच्छेद की डिक्री प्रदान करने संबंधी**। विवाह विघटन बाबत आवेदन पत्र पेश किया है, जिसकी पेशी दिनांक 29.08.2025 को नियत है।

अनावेदक-**राजेन्द्र कुमार बघेल पिता श्री पी.आर. बघेल आयु 53 वर्ष निवासी-नया मंदिर के पास, सरस्वती चौक, पुरानी बस्ती रायपुर थाना-पुरानी बस्ती रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)** को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक **29.08.2025** को इस न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेंवे अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

पेशी दिनांक **29.08.2025** को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते हैं तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थानः- बिलासपुर (छ.ग.)

**(निरंजन लाल चौहान)**
**प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
मुहर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-3, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**आम-सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम चिरहुलडीह प०ह०नं० 52 रा०नि०मं० रायपुर 3,तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्री अनिल कुमार शुक्ला पिता ओंकारनाथ शुक्ला निवासी नर्मदापारा रायपुर द्वारा ग्राम चिरहुलडीह प०ह०नं० 52 रा०नि०मं० रायपुर 3 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खाता क्रमांक 1465 खसरा नंबर 835/34 रकबा 0.0140 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 17/06/2025 के परिपालन में हमारे द्वारा दिनांक 14/07/2025 को समय 11.30 बजे पश्चात से किया जाना नियत है।

अतः उक्त भूमि के सभी बटाकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर ग्राम चिरहुलडीह पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदित खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर,दावा या आपत्ति हो तो समक्ष में प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में भी सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

राजस्व
राजस्व निरीक्षक,रायपुर-3,कोटा तहसील व जिला -रायपुर (छ.ग.)

**Presiding Officer: ऋचा बटेजा**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
**(RCS B/0000121/2017)**

**अमित कुमार केशवानी** .....वादी
V/s
**गौतम नन्देश्वर** .....प्रतिवादी

Process Id- /2025
**पेशी दिनांक :- 21/07/2025**

प्रेषिती-
**(1) गौतम नन्देश्वर पता-निवासी अमिनपुरा पुरानी बस्ती थाना मोवा के पास जिला रायपुर छत्तीसगढ 492001**

यह कि प्रार्थी **अमित कुमार केशवानी** ने आपके विरूद्ध **सिविल सूट बी**। वाद पत्र वास्ते वसूली बाबत। के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के **30 दिवस** के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख **27 June 2025** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**ऋचा बटेजा**
**34वें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड जबलपुर (म.प्र.)**
मुहर

**आम सूचना**

**(ग्राम जुलुम, पटवारी हल्का नंबर 2, रा.नि.मं. खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ स्थित भूमि के संबंध में)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री रतनलाल पिता श्री लतेल वर्मा निवासी - जुलुम तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 386 रकबा 0.460 हेक्टेयर भूमि ग्राम जुलुम, पटवारी हल्का नंबर 2, राजस्व निरीक्षक मंडल खोरपा तहसील अभनपुर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि प्रदान कर दिया है, केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उक्त भूमि के सौदे / विक्रय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, बैंक, संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित उजर दावा या आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे, आम सूचना का खण्डन मात्र आपत्ति के रूप में स्वीकार नहीं होगा। बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि का पँजीयन अपने पक्ष मे करा लिया जावेगा एवं तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बँधनकारी भी नहीं होगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक - 07/07/2025
स्थान- रायपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**नितीन खाखरिया, अधिवक्ता**
**पता एस.एफ. - 62, द्वितीय तल समवेत शिखर काम्पलेक्स, रजबंधा मैंदान तहसील व जिला रायपुर, छत्तीसगढ़**
**मो. नं. 8962222586**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला-**रायपुर** तहसील-**रायपुर** प.ह.न.- **00073 देवपुरी** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण **क्रमांक- RD202425440725700175**

**// ईश्तहार //**

तहसील **रायपुर** के प.ह.न. **00073** के अंतर्गत ग्राम **देवपुरी** के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण पिता/पति- पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 334/8 (0.0140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ **क्रेता सत्यनारायण दुबे पिता/पति भरत प्रसाद दुबे पता सेक्टर 05-सी-135 कमल विहार कौशिल्या विहार रायपुर तहसील व जिला रायपुर** के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई **दिनांक 14/07/2025** को समय सुबह 11 बजे स्थान **न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक 26/06/2025** को जारी किया जाता है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**Rakesh Dewangan**
**रायपुर**
मुहर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार **एस.के. देवांगन पिता श्री नरसिंह देवांगन** निवासी-चंगोराभाठा रायपुर छ.ग. ने विक्रेता **श्री अभिषेक सराफ पिता श्री गणेश राम सराफ** निवासी- वार्ड नं.- 7, मरारी मोहल्ला बालाघाट म.प्र. के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि **वाके मौजा ग्राम रायपुरा, प.ह.नं. 104/57, रा.नि.मं. रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं.-136, रकबा 15.49 एकड़** को विक्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है केवल विक्रय पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

यदि इस क्रय-विक्रय पर यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, बीमा, निगम, शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार आपत्ति हो वे इस सूचना प्रकाशन के 21 दिवस के भीतर मय दस्तावेज के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा म्याद गुजरने के बाद विक्रय पत्र की लिखा पढ़ी एवं रजिस्ट्री करा ली जावेगी उस दशा में प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जायेगी। अतः सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 07.07.2025

**भवदीय**
**एस.एस. कुशवाह अधिवक्ता**
**पता- बृज भवन भरत किराना स्टोर्स के पास, गणपति नगर न्यू चंगोराभाठा रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.- 9826156172**

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ) मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

मेल इंफर्टिलिटी
शीघ्रपतन, लिंग में तनाव की कमी वीर्य की कमी, वेरीकोसील फायमोसिस का ईलाज मेडिसीन शॉक वेव थैरेपी पी शॉट एवं सर्जरी द्वारा
डॉ. वैभव राज सिंह एमबीबीएस एम.एस.- लेज़र व दूरबीन सर्जन (MBBS, MS Surgery) Laporoscopic Laser Surgeon Call 9890716410
लेजर पाईल्स क्योर
पाल्स, फिशर, फिस्टुला, वेरीकोस वेन्स, पाईलोनाईडल साइनस का लेजर द्वारा सर्जरी, 24 घंटे में छुट्टी, बिना चीरा सभी दूरबीन व लेजर सर्जरी
श्री राम शांति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल दही हाण्डी मैदान के सामने, श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# बारिश में भी डटे रहे कांग्रेसी



रायपुर। राजधानी रायपुर में कांग्रेस की जनसभा में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पदाधिकारियों ने स्वागत-सत्कार किया। बारिश के बावजूद साइंस कॉलेज मैदान में काफी भीड़ उमड़ी। जनसभा में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, डॉ. चरणदास महंत, टीएस सिंहदेव समेत प्रदेशभर के जिलों से कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई सदस्य एवं आमजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।







## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय मछुवारा जागरुकता महासम्मेलन 5 अक्टूबर को, बैठक में कई निर्णय

रायपुर। आमापारा स्थित एकलव्य भवन में शनिवार को छत्तीसगढ़ मछुवारा संघ प्रदेश इकाई की बैठक हुई। जिसमें मछुवारा समाज के सामाजिक प्रतिनिधियों को विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सामाजिक प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 5 अक्टूबर को राजधानी में विशाल राष्ट्रीय मछुवारा जागरूकता महासम्मेलन होगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मछुवारा समाज के सांसद, मंत्री को आमंत्रित करेंगे। इस मौके पर संघ की प्रदेशाध्यक्ष गायत्री गाग्यवाल ने इस बैठक में विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा की।

### बालिका टीम ने किया शानदार प्रदर्शन



रायपुर। क्रीड़ा भारती की ओर से आयोजित डोज बॉल चैंपियनशिप जांजगीर-नैला में आयोजित की गई, जिसमें सभी जिलों की टीम ने भाग लिया। रायपुर से सचदेवा स्कूल के बच्चों ने स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया और बालिका टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रदर्शन करने वाली छात्राओं में हर्षिता गर्ग, आदि शामिल थे।

### सुजीत बने परशुराम दल के प्रदेश संयोजक



रायपुर। रजिस्टर्ड राष्ट्रीय क्रांतिकारी ब्राह्मण संगठन परशुराम दल के देशव्यापी विस्तार के अभियान की श्रृंखला में रविवार को रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। रायपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित नियुक्ति कार्यक्रम में दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाधर शर्मा ने सुजीत कुमार झा को नियुक्ति पत्र देकर प्रदेश संयोजक का पदभार ग्रहण कराया। मानवसेवा को अपना धर्म मानने वाले श्री झा ने हर ज़रूरतमंद की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं।

### सीबीआई की कार्रवाई के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग सख्ती के मूड में

# सरकारी डॉक्टरों का निजी अस्पतालों से नहीं छूट रहा मोह, कुछ तो डायरेक्टर भी बन चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में सेवा देने वाले डॉक्टरों का निजी अस्पतालों में भागीदारी का मोह खत्म नहीं हो पा रहा है।शासकीय सेवा देते-देते कई डॉक्टर तो बड़े निजी अस्पतालों के डायरेक्टर भी बन चुके हैं। हाल ही सीबीआई द्वारा सरकारी डॉक्टर पर एफआईआर दर्ज करने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग सख्ती के मूड में आ गया है। दोहरा लाभ लेने वाले ऐसे डॉक्टरों की सूची तैयार करने के साथ ही जल्द बड़ी बैठक की तैयारी की जा रही है।

खास खबर

भत्ता लेकर निजी अस्पतालों में सेवा देने का मामला काफी कोशिशों के बाद शांत ही हुआ था कि हाल ही में चिकित्सा शिक्षा विभाग में सीबीआई की एंट्री हो गई। इस बार भी मामला कहीं न कहीं सरकारी डॉक्टरों के दोहरे फायदे से जुड़ा हुआ है। इस कार्रवाई के बाद एक बार फिर सरकारी सेवा में रहने के बाद भी निजी अस्पतालों से जुड़े डॉक्टरों पर कार्रवाई की तलवार लटकने लगी है। शासकीय मेडिकल कॉलेज में पदस्थ रहते-रहते कई चिकित्सक प्रदेश में खुलने वाले बड़े-बड़े अस्पतालों के संचालक मंडल में शामिल हो चुके हैं। वहीं अधिकांश अपनी ड्यूटी के साथ ही निजी अस्पतालों में जाकर मरीजों के ऑपरेशन और अन्य इलाज कर रहे हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि ऐसा करना नियमों के खिलाफ है और विभागीय अधिकारी इसे लेकर गंभीर हो चुके हैं। विभागीय स्तर पर ऐसे डॉक्टरों की सूची तैयार की जा रही है, जिनको सराकारी सेवा में रहने के बाद भी निजी अस्पतालों से ज्यादा मोह है। इन डॉक्टरों के खिलाफ किस तरह सख्त कदम उठाए जा सकते हैं, इसे लेकर विभागीय स्तर पर शीघ्र ही बड़ी बैठक की तैयारी की जा रही है।





#### निलंबन के लिए भेजी चिट्ठी

निजी मेडिकल कॉलेज श्री रावतपुरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर में कार्रवाई के बाद आरोपी बनाए गए कार्यकारी निदेशक डॉ. अतिन कुंडू के निलंबन के लिए शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर से सीएमई को चिट्ठी भेजी गई है। डॉ. कुंडू जेएन शासकीय कॉलेज में बतौर एसोसिएट प्रोफेसर कार्यरत हैं। कुछ साल पहले ट्रांसफर होने के बाद शासकीय सेवा से 4 साल तक गायब रहकर एक निजी मेडिकल कॉलेज में सेवा देने का आरोप उन पर लगा था। पिछली सरकार में उनकी पुनः रायपुर कॉलेज में एंट्री हो गई थी।



यह मामला कुछ समय बाद ठंडा पड़ गया

दोहरा लाभ उठाने वाले डॉक्टरों की तैयार हो रही सूची, बड़ी बैठक जल्द

#### कई अस्पतालों के बोर्ड पर नाम

सरकारी कॉलेज में सेवा देकर वेतन प्राप्त करने वाले कई डॉक्टरों के नाम राजधानी के कई बड़े अस्पतालों के बोर्ड पर नजर आते हैं। इन डॉक्टरों की ऑन कॉल ड्यूटी का जिक्र होता है, मगर वे सरकारी से ज्यादा निजी अस्पतालों में वक्त देते हैं। इन पर लगाम लगाने के लिए विभाग द्वारा कुछ समय पहले सर्जरी का लेखा-जोखा रखने चिकित्सा महाविद्यालय को निर्देश दिए थे, मगर यह मामला कुछ समय बाद ठंडा पड़ गया।

# कोचिया-ग्राहकों को खपाने के लिए लाई मध्यप्रदेश निर्मित 20 पेटी शराब जब्त, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ घटना में शामिल दो से तीन तस्कर फरार, पतासाजी करने में जुटी पुलिस

चंदनीडीह मार्ग पर क्राइम ब्रांच तथा आमानाका थाने की पुलिस ने मध्यप्रदेश निर्मित शराब तस्करी करते तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 20 पेटी शराब जब्त की है। शराब तस्करी में इस्तेमाल दो कार भी पुलिस ने जब्त की है। तस्करी में शामिल दो से तीन तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए, जिनकी पुलिस पतासाजी कर रही है।

पुलिस के अनुसार शराब तस्करी करने के आरोप में पंडरी निवासी भावेश पाण्डेय उर्फ लाला, सुजीत तिवारी तथा गुढ़ियारी निवासी दीपेश भंसाली उर्फ दीपू को गिरफ्तार किया गया है। सुजीत, भावेश का साला है। भावेश पूर्व में भी शराब तस्करी करने के आरोप में जेल जा चुका है। पुलिस के अनुसार उन्हें मध्यप्रदेश से शराब तस्करी कर भिलाई के रास्ते रायपुर लाए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस की टीम आने-जाने वाली गाड़ियों की जांच कर रही थी। चंदनीडीह ओवरब्रिज पर पुलिस को देख शराब तस्करी कर रहे तस्करों ने कार की स्पीड बढ़ाते हुए पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस ने कार का पीछा कर ओवरटेक कर रोका और कार की तलाशी ली, दोनों कार की डिक्की में 10-10 पेटी शराब पाई गई।

#### कोचिया और ग्राहकों को खपाने लाए थे

पूछताछ में तस्करों ने पुलिस को बताया कि उनके द्वारा मध्यप्रदेश से तस्करी कर लाई गई शराब कोचियों के साथ ही चिल्हर ग्राहकों को खपाने के लिए लाई गई थी। मध्यप्रदेश में शराब की कीमत कम होने की वजह से तस्कर मध्यप्रदेश के शराब कारोबारियों से तय दर से कम कीमत में शराब लाकर यहां ओवर रेट में बेचते थे। पुलिस तस्करों से जानकारी जुटा रही है कि क्या तस्कर शराब को बार में भी सप्लाई करते थे।

# 24 दिनों तक थमे रहेंगे 15 ट्रेनों के पहिए, दो डायवर्टेड रूट से चलेंगी

■ रेल यातायात प्रभावित

■ चक्रधरपुरें किया जाएगा नान इंटरलाकिंग कार्य 16 अगस्त से 8 सितम्बर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे चक्रधरपुर मंडल में झारसुगुड़ा यार्ड के आधुनिकीकरण कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इस दौरान हावड़ा और टाटा की ओर से बिलासपुर आने वाली 15 ट्रेनें 24 दिन तक रद्द रहेगी और दो ट्रेनों का मार्ग डायवर्ट किया जाएगा।

रेलवे के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल के झारसुगुड़ा यार्ड में नान इंटरलाकिंग कर यार्ड के आधुनिकीकरण कार्य के लिए 24 दिनों का प्री एनआई 16 अगस्त से 8 सितम्बर तक और 25 वें दिन 9 सितम्बर को 6 घंटे यानि 11 बजे से शाम 17 बजे तक किया जाएगा, जिसके कारण ट्रेनों का परिचालन ब्लॉक रहेगा। इसके अतिरिक्त 1एक दिन का पोस्ट एनआई कार्य 10 सितम्बर को होगा। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से



संबंधित सभी गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा, जिसमें 15 ट्रेनें रद्द रहेगी। वहीं दो ट्रेनें 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 23, 25, 27, 29, 31 अगस्त एवं 8 सितम्बर को परिवर्तित मार्ग कटक, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब होकर और 18478 योगनगरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 26, 28, 30 अगस्त एवं 1, 8, 9 सितम्बर को व्हाया ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी एवं कटक होकर चलाई जाएगी। 24 अगस्त को पटना से चलने वाली 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस तीन घंटे विलंब से, 26 अगस्त, 1, 8 सितम्बर को हावड़ा से चलने वाली 12262 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल एक्सप्रेस पांच घंटे विलंब से, 26, 28 अगस्त, 9 सितम्बर को छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से चलने वाली 12261 छत्रपति शिवाजी टर्मिनल-हावड़ा एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से, 28, 30 अगस्त को हावड़ा से चलने वाली 12222 हावड़ा-पुणे एक्सप्रेस पांच घंटे विलंब से, 30 अगस्त को हटिया से रवाना होने वाली 12812 हटिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस तीन घंटे विलंब से, 30 अगस्त, 1, 8 सितम्बर को पुण से चलने वाली 12221 पुणे-हावड़ा एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से, एक सितम्बर को सूरत से चलने वाली 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से रवाना की जाएगी।

# 35 चिकित्सक और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डॉक्टर्स और सीए डे के अवसर पर लायंस क्लब रायपुर शिखर द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में रविवार को शहर के नामचीन डॉक्टर्स और सीए का सम्मान किया गया। इस अवसर पर 35 चिकित्सकों और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स का सम्मान किया गया।

इस मौके पर डॉक्टर्स ने कहा कि अंगदान पर लोगों में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। वहीं सीए ने कहा कि आम लोगों को व्यावसायिक कानून की थोड़ी जानकारी होनी भी चाहिए। कार्यक्रम में चिकित्सकों ने कहा कि आज अंगदान महत्वपूर्ण विषय हो गया है। बेतरतीब खानपान और रहन-सहन



की वजह से कई लोग लिवर, किडनी आदि समस्याओं से जूझ रहे हैं, ऐसे में आज जरूरत है कि अंगदान के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। कार्यक्रम में क्लब की चार्टर्ड प्रेसीडेंट सरोज पांडेय, डॉ. पीएस देशपांडे और डॉ. वीपी पाठक, ईश्वर अग्रवाल के अलावा चंद्रकांता ओसवाल, उषा पुजारी, कंचन पुसदकर, रेणु गुप्ता, मीनाक्षी भार्गव, लक्ष्मी बुरड़, आशा बारेवार, डॉ. ज्योति जायसवाल, पम्मी रोकड़यिा उपस्थित थीं।

# वामपंथी धर्मनिरपेक्ष दलों ने दिया 9 जुलाई की हड़ताल को समर्थन

रायपुर। वामपंथी धर्मनिरपेक्ष दलों ने एक साझा बयान जारी कर 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन किया है। इन दलों ने छत्तीसगढ़ की मेहनतकश जनता को हड़ताल को सफल बनाने और समर्थन करने की अपील की है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव बाल सिंह, सत्यनारायण कमलेश, भाकपा माले लिबरेशन के राज्य सचिव बृजेंद्र तिवारी, भाकपा माले (रेड स्टार) के सचिव सौरा यादव छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष जानकलाल ठाकुर, एसयूसीआई कम्युनिस्ट के सचिव विश्वजीत हरोड़े ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा है मोदी सरकार कॉरपोरेट घरानों की लूट को सुनिश्चित करने के लिए न केवल प्राकृतिक संपदा और सार्वजनिक क्षेत्र इनके हवाले कर रहे हैं, बल्कि श्रम कानूनों और आठ घंटे के काम की सीमा को खत्म कर फिर से गुलामी जैसी परिस्थितियां पैदा कर रही है।

## बिजनेस साइट

# रायपुर में 'ऑर्थोप्लास्टी कॉन्फ्रेंस' का सफल आयोजन





■ देशभर से आए विशेषज्ञों ने नी रिप्लेसमेंट व ऑर्थराइटिस पर किए विचार साझा

रायपुर। श्री नारायणा हॉस्पिटल में एक दिवसीय 'रायपुर ऑर्थोप्लास्टी कॉन्फ्रेंस' का सफल आयोजन सुप्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. सुनील खेमका की चेयरमैनशिप में किया गया। इस अवसर पर देशभर से आए ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों ने नी रिप्लेसमेंट सर्जरी और ऑर्थराइटिस विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए। कॉन्फ्रेंस का विशेष आकर्षण श्री नारायणा हॉस्पिटल से 'रोबोटिक पार्शियल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी' का लाइव प्रसारण रहा, जिसे 150 से अधिक सर्जनों ने देखा। यह सर्जरी प्रख्यात सर्जन डॉ. प्रीतम अग्रवाल एवं डॉ. प्रदीप पटेल द्वारा की गई। डॉ. प्रीतम अग्रवाल ने इस दौरान बताया कि रोबोटिक पार्शियल नी रिप्लेसमेंट में मरीज की रिकवरी पारंपरिक टोटल नी रिप्लेसमेंट की तुलना में बहुत तेज होती है।

# गले की नस में था 95 फीसदी ब्लॉकेज बार-बार हो रहा था पैरालिसिस अटैक

■ हार्ट, चेस्ट सर्जरी विभाग में 70 साल के मरीज का दुर्लभ ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

गले की नस में 95 फीसदी ब्लॉकेज होने की वजह से 70 साल के वृद्ध को पिछले दो साल से बार-बार पैरालिसिस अटैक आ रहे थे। अपनी शिकायतों के साथ आंबेडकर अस्पताल के कार्डियक सर्जरी विभाग पहुंचे मरीज का जोखिम भरा ऑपरेशन पूरा कर समस्याओं का समाधान किया गया। ऑपरेशन के दौरान अगर हवा का बुलबुला उसके मस्तिष्क तक पहुंच जाता, तो मरीज ब्रेनडेड हो सकता था। सीटीवीएस विभाग के एचओडी डॉ. कृष्णकांत साहू ने बताया कि मरीज के गले की नस (कैरोटिड आर्टरी) में 95 प्रतिशत ब्लाकेज था, जिसे हटाने के लिए कैरोटिड एंडआर्टरेक्टॉमी नामक जटिल सर्जरी करनी पड़ी। उनका दावा है कि राज्य में इस प्रकार का ऑपरेशन पहली बार किया गया है और जो



अत्यंत जोखिमभरा और दुर्लभ है। इस शल्यक्रिया के दौरान कैरोटिड शंट नामक विशेष उपकरण का प्रयोग किया गया, ताकि मस्तिष्क में रक्त प्रवाह लगातार बना रहे। इस प्रक्रिया के दौरान यदि कोई भी प्लाक का टुकड़ा या हवा का बुलबुला मस्तिष्क में चला जाता, तो मरीज कोमा में जा सकता था। मरीज के परिवार वालों को इसकी पूर्व में दे दी गई थी और उनसे सहमति लेने के बाद इस ऑपरेशन को पूरा किया गया। गले की नस का ब्लाकेज हटाने के बाद नस को बोवाइन पेरीकार्डियम पैच से मरम्मत कर पुनः सामान्य किया गया। सर्जरी पूरी तरह सफल रही और मरीज अब स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने की स्थिति में है। जटिल सर्जरी की सफलता पर पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी एवं आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी विभाग की टीम की सराहना की है।

#### 50 प्रतिशत ब्लॉकेज पता नहीं चलता

डॉ. कृष्णकांत साहू ने बताया कि इस समस्या के दौरान 50 प्रतिशत तक ब्लॉकेज होने पर आमतौर पर लक्षण स्पष्ट नहीं होते।

समस्या 70 से 80 फीसदी से अधिक ब्लॉकेज पर ट्रांजिएंट इस्केमिक अटैक या आंख से दिखना बंद होना, मुंह टेढ़ा होना, बोलने में दिक्कत या संतुलन बिगड़ना जैसे लक्षण सामने आते हैं। इस बीमारी को सयंमित जीवन, संतुलित आहार एवं नियमित व्यायाम के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है।




02



कांवड़ियों के लिए सज गया सावन ...


## लाइव इवेंट

### रोटरी क्लब रॉयल का वार्षिक शपथ ग्रहण बेघर बुजुर्गों के लिए बनाएंगे वृद्धाश्रम



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर-रॉयल का वार्षिक शपथ ग्रहण समारोह होटल बेबीलॉन कैपिटल में रखा गया, जहां रोटेरियन डॉ. नवीन बागरेचा ने क्लब के अध्यक्ष पद की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2025-26 रोटेरियन अमित जायसवाल और डिस्ट्रिक्ट असिस्टेंट गवर्नर 2025-26 रोटेरियन सुषमा नथानी उपस्थित रहीं। अतिथियों ने क्रमशः डॉ. नवीन बागरेचा को अध्यक्ष और रोटेरियन अमित खंडेलवाल को सचिव पद की शपथ दिलाई। संबोधन में डॉ. बागरेचा ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं के लिए निशुल्क ऑडिटोरियम की व्यवस्था करेंगे। इसके अलावा ब्लड बैंक की स्थापना, वृद्धाश्रम का निर्माण, विशेष रूप से बेघर बुजुर्गों के लिए, 50 हजार लोगों को कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन की ट्रेनिंग देकर, हृदयाघात से जीवन बचाने में सहयोग किया जाएगा।

### रायपुर वेस्ट के गोपी मथानी बने अध्यक्ष




रोटरी क्लब ऑफ रायपुर वेस्ट का 42वां पदभार ग्रहण समारोह में निवृत्तमान अध्यक्ष रोटेरियन प्रवीण अग्रवाल एवं निवर्तमान सचिव गोपी मथानी ने औपचारिक रूप से नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपी मथानी और सचिव सतीश अग्रवाल को कार्यभार सौंपा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर विवेक शर्मा थे। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में उन्होंने सैनिकों की वीरता, देशभक्ति और सेवा भावना से जुड़े अनुभव साझा किए। नए सदस्यों को रोटरी पिन पहनाकर सदस्यता प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने रेडक्रॉस द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के लिए भी सहयोग का आव्हान किया। इस अवसर पर पूर्व प्रांतपाल रोटेरियन शशि वरवंडकर एवं रोटेरियन मेजर दीपक मेहता की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान विशेष सत्र में उपस्थित 300 से अधिक रोटरी सदस्यों को सीपीआर प्रशिक्षण भी दिया गया। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर-रॉयल, डिस्ट्रिक्ट 3261, जिसमें ओडिशा, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के कुल 110 क्लब शामिल हैं, सबसे बड़ा क्लब है, जिसके 206 सक्रिय सदस्य हैं।

● चेहरे पर हुए दाग और गड्ढों को भरने महिलाएं करा रहीं पीलिंग और पॉलिसिंग ट्रीटमेंट

# कॉस्मेटिक सर्जरी चेहरों को बना रही परफेक्ट, सुंदर दिखने होंठ गुलाबी और गालों पर डिंपल बनवाने का बढ़ा क्रेज

"बढ़ती उम्र के साथ चेहरे की चमक भी धीरे-धीरे फीकी पड़ने लगती है, लेकिन सुंदर दिखने की चाहत में अब महिलाओं और युवाओं के बीच कॉस्मेटिक व प्लास्टिक सर्जरी का चलन तेजी से बढ़ रहा है। सुंदरता बनाए रखने के लिए लोग सर्जन का रुख कर रहे हैं, ताकि उम्र बढ़ने के बाद भी चेहरा आकर्षक बना रहे। राजधानी में शादी से पहले युवतियां सर्जरी कराने पहुंच रही हैं। हरिभूमि ने वर्ल्ड स्कीन हेल्थ डे के अवसर पर कॉस्मेटिक और प्लास्टिक सर्जंस से बातचीत की। साथ ही चेहरे की सुंदरता बढ़ाने वाले बाजार में उपलब्ध उत्पादों की जानकारी भी ली गई।

वर्ल्ड स्कीन हेल्थ डे

**रायपुर।** बाजार में 5 हजार से 20 हजार रुपए तक की क्रीम लोग खरीद रहे हैं। अकेले रायपुर में ब्यूटी प्रोडक्ट्स का व्यापार हर साल करोड़ों रुपए तक का हो चुका है। सर्जन का कहना है कि अब लड़कियां ही नहीं, लड़के भी चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के लिए गालों पर डिंपल बनवाने का ट्रीटमेंट करा रहे हैं। वहीं महिलाएं होंठों का कालापन दूर कर पिंक टोन के लिए ट्रीटमेंट करा रही हैं। शादी से पहले लोग मुंहासों के कारण चेहरे पर बने दाग-धब्बे और गड्ढों को भरने के लिए पीलिंग और पॉलिशिंग ट्रीटमेंट करा रहे हैं। जिनकी शादी तीन महीने बाद है, वे अभी से एक्सपर्ट से सलाह लेकर होंठों और गालों का ट्रीटमेंट करा रहे हैं। प्राइवेट अस्पतालों में 10 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक की सर्जरी और नॉन-सर्जिकल ट्रीटमेंट कराने हर महीने 30 से 40 लोग पहुंच रहे हैं। शहर में इसकी मांग इतनी बढ़ गई है कि अब अस्पतालों में सर्जरी के लिए एक महीने पहले अपॉइंटमेंट लेना पड़ रहा है।





### 10 साल के लिए डार्क होंठ करा रहे पिंक

*बचपन से डार्क होंठों का रंग बदलवाने महिलाएं और युवतियां कॉस्मोलॉजिस्ट के पास पहुंच रही हैं। कॉस्मोलॉजिस्ट डॉ. ऋतु पांडेय ने बताया कि हर साल शादी के सीजन से तीन से चार महीने पहले चेहरे की सर्जरी कराने वालों की संख्या बढ़ जाती है। डार्क होंठों को सर्जरी के जरिए गुलाबी रंग दिया जा रहा है। ज्यादातर 25 से 30 साल लड़कियां यह ट्रीटमेंट करा रही हैं। होंठों का रंग 10 सालों तक होता है। इसमें 15 से 30 हजार तक खर्च आता है। सर्जरी का दुष्प्रभाव नहीं होने से 40 से 50 उम्र की महिलाएं भी इसे करा रही हैं। हर महीने दर्जनभर से अधिक लोग उपचार के लिए पहुंच रहे हैं।*



### 50 प्लस वुमंस भी करा रहीं ब्रेस्ट सर्जरी

हर साल ब्रेस्ट सर्जरी की संख्या भी काफी बढ़ी है। यंग गर्ल्स के अलावा 50 प्लस महिलाएं भी इस सर्जरी को करा रही हैं। कॉस्मोलॉजिस्ट का कहना है कि कुछ सालों में ब्रेस्ट लिफ्टिंग सर्जरी में काफी इजाफा हुआ है। ट्रीटमेंट में 70 परसेंट अच्छा रिजल्ट आने के कारण लोगों का विश्वास बढ़ा है, क्योंकि नॉन पेनफुल सर्जरी के लिए लेटेस्ट टेक्नोलॉजी भी आ गई है। हर महीने ब्रेस्ट सर्जरी के लिए दर्जनभर से अधिक लड़कियां और महिलाएं पहुंच रहीं। इस ट्रीटमेंट में 15000 से लेकर 30 हजार रुपए तक खर्च आता है। सुंदर दिखने के लिए सर्जरी कराने में लड़कियां भी पीछे नहीं हैं। सर्जरी के जरिए बॉडी में सिक्स पैक एब बनाए जा रहे हैं। मॉडलिंग करने वाले युवा इस तरह की सर्जरी करा रहे हैं। डॉक्टर का कहना है कि कम समय से पैक्स बनाने के लिए यह सर्जरी लोग कराते हैं।

### एक घंटे के अंदर बन जाता है डिंपल

सुंदर दिखने के लिए युवतियों में डिंपल और नाक की सर्जरी का ट्रेंड बीते पांच सालों में बढ़ा है। डॉ. सुनील कालड़ा ने बताया कि 20 से 25 साल की लड़कियां सर्जरी करा रही हैं। इस ट्रीटमेंट में एक ही दिन में ओपीडी में ही सर्जरी हो जाती है। आधे से एक घंटे के अंदर डिंपल बन जाता है। लगभग 15 से 20 हजार रुपए में डिंपल क्रिएशन ट्रीटमेंट हो जाता है। इससे चेहरे की सुंदरता बढ़ जाती है। ट्रीटमेंट का अच्छा परिणाम देखने को मिल रहा है। इसके अलावा दबी हुए नाक उठाने और सुंदर शेप में लाने के लिए लड़कियां नोज सर्जरी भी करा रही हैं। सर्जरी से नाक की हड्डी और स्किन में हल्का चेंज लाकर इसे सुधारा जाता है। इसे राइनो प्लास्टिक कहते हैं। ऐसी सर्जरी कराने वालों की संख्या अब शहर में बढ़ती जा रही है।

## सिटी इवेंट

### आउटडोर फोटोग्रॉफी की हॉबी ने युवाओं को नेचर से जोड़ा



**रायपुर।** स्मार्ट फोन आने के बाद तो वैसे हर कोई जब चाहे फोटोग्रॉफी कर लेता है, लेकिन एडवांस कैमरे से फोटोग्रॉफी करना कुछ लोगों का पैशन होता है। ऐसे लोगों की थीम व सब्जेक्ट बेस्ड फोटोग्रॉफी उनका शौक होता है। अपने इसी शौक को पैशन से प्रोफेशन में बदलने यूथ आउटडोर फोटोग्रॉफी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। वे प्रोफेशनल फोटोग्रॉफर की ट्रेनिंग लेकर प्रकृति के अलग-अलग स्वरूपों की तस्वीर कैमरे में उतार रहे हैं। आउटडोर फोटोग्रॉफी में खासकर नेचर फोटोग्रॉफी युवाओं को प्रकृति के और करीब लाने का एक शानदार तरीका है। इससे न केवल उनकी रचनात्मकता बढ़ती है, बल्कि वे प्रकृति के प्रति प्रेम और सम्मान भी सीखते हैं। वहीं आउटडोर फोटोग्रॉफी युवाओं को घर से बाहर निकलने और प्रकृति का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

#### खेतों, पेड़-पौधौ से सीख रहे फोटोग्रॉफी

शहर के धनजीत गिलहरे को आउटडोर फोटोग्रॉफी का बेहद शौक है। वे अपनी फोटोग्रॉफी के पैशन के बारे में बताते हैं कि उन्होंने पहली बार जब 11वीं की कक्षा में पढ़ाई कर रहा था, तब कैमरा हाथ में पकड़ा। मेरे कैमरे की पहली क्लिक से जो तस्वीर उतारी, वह आसपास के खेतों और पेड़, पौधों की थी। आज मैं ग्रेजुएशन कर रहा हूं और स्टडी टाइम से जब भी फ्री होता हूं, नेचर की तस्वीरें उतारने कैमरे लेकर घर से कुछ दूर बाहर नदी, तालाब, खेत खलिहानों व पेड़-पौधों की ओर निकल पड़ता हूं। इससे मेरी फोटोग्रॉफी स्किल में काफी इंप्रूवमेंट और रचनात्मकता बढ़ी है। इस तरह मैं कहूंगा कि बेहतर फोटाग्रॉफी की शुरुआत नेचर से ही होती है। आगे मैं प्रोफेशनल फोटोग्रॉफी में अपना कॅरियर व पहचान बनाने बेहतर प्रयास कर रहा हूं।


#### खेतों, पेड़-पौधौ से सीख रहे फोटोग्रॉफी

*शहर के धनजीत गिलहरे को आउटडोर फोटोग्रॉफी का बेहद शौक है। वे अपनी फोटोग्रॉफी के पैशन के बारे में बताते हैं कि उन्होंने पहली बार जब 11वीं की कक्षा में पढ़ाई कर रहा था, तब कैमरा हाथ में पकड़ा। मेरे कैमरे की पहली क्लिक से जो तस्वीर उतारी, वह आसपास के खेतों और पेड़, पौधों की थी। आज मैं ग्रेजुएशन कर रहा हूं और स्टडी टाइम से जब भी फ्री होता हूं, नेचर की तस्वीरें उतारने कैमरे लेकर घर से कुछ दूर बाहर नदी, तालाब, खेत खलिहानों व पेड़-पौधों की ओर निकल पड़ता हूं। इससे मेरी फोटोग्रॉफी स्किल में काफी इंप्रूवमेंट और रचनात्मकता बढ़ी है। इस तरह मैं कहूंगा कि बेहतर फोटाग्रॉफी की शुरुआत नेचर से ही होती है। आगे मैं प्रोफेशनल फोटोग्रॉफी में अपना कॅरियर व पहचान बनाने बेहतर प्रयास कर रहा हूं।*


# मिशन उत्कर्ष की शुरुआत, विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम का लक्ष्य

**रायपुर।** राज्य सरकार की महत्वकांक्षा के अनुरूप जिले में शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने मिशन उत्कर्ष की शुरुआत हो गई है। जिला प्रशासन ने छात्रों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने एवं 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन देकर शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने के लिए मिशन उत्कर्ष की शुरुआत की है। इस अवसर पर राजधानी के न्यू सर्किट हाउस में सभी स्कूलों के प्राचार्यों की एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें मिशन के उद्देश्यों, रणनीतियों व क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाल में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप मिशन उत्कर्ष को पूरी गंभीरता से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग वर्षभर की विषयवार शैक्षणिक कार्ययोजना बनाकर, अच्छे परिणाम लाने के लिए समर्पित होकर कार्य करें। साथ ही सभी प्राचार्यों से कहा कि स्कूल जाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य करें और बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें।





#### लंच विथ कलेक्टर, विशेष पुरस्कार भी

*कार्यशाला में बताया गया कि मिशन उत्कर्ष के अंतर्गत समयबद्ध तैयारी व सतत मूल्यांकन किया जाए, मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक व प्री-बोर्ड परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर आयोजित होंगी। मॉडल उत्तर लेखन व अभ्यास के साथ विषयाधारित तैयारी के साथ नियमित उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन व फीडबैक लिया जाएगा। कमजोर छात्रों के लिए संदेह समाधान सत्र, विशेष अभ्यास कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। श्रेष्ठ शिक्षक, विषय, विद्यालय और टॉपर्स को प्रशंसा पत्र एवं लंच विथ कलेक्टर, विशेष पुरस्कार व सम्मानित किया जाएगा।*

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर संगोष्ठी, कई मुद्दों पर की चर्चा

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ एवं जिला सहकारी संघ की ओर से राज्य संघ मुख्यालय में रविवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस पर प्रकाश डाला तथा भविष्य में सहकारी आंदोलन को गति देने के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन द्वारा वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है, जिसकी मुख्य थीम बेहतर विश्व के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान को आगे बढ़ाना है। सहकारिता मंत्रालय द्वारा सहकारिता मंत्रालय स्थापना दिवस के रूप में इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय



सहकारिता दिवस मनाने के लिए 1 से 6 जुलाई तक विभिन्न विषयों में कार्यक्रम आयोजित करने रूपरेखा तैयार की गई थी, उसी के अनुरूप पूरे देश तथा छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस में अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीसी ध्रुव, रायपुर जिला सहकारी संघ की प्रबंधक मंजूषा तिवारी तथा राज्य सहकारी संघ एवं रायपुर जिला सहकारी संघ के अधिकारी-कर्मचारी एवं सहकारिता क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों का हर मौसम में लुत्फ उठा रहे शहरवासी

# गढ़कलेवा में फैमिली-फ्रेंड्स के साथ ले रहे फरा-चीला का स्वाद

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहर के अंदर ऑल सीजन पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेने का एकमात्र अड्डा गढ़कलेवा का क्रेज बना हुआ है। इस रैनी सीजन में भी रिमझिम बारिश के बीच दोपहर व शाम में लोग फैमिली-फ्रेंड्स के साथ बड़ी संख्या में मनपसंद व्यंजनों का स्वाद लेने पहुंच रहे हैं। सोमवार को दिनभर चली रिमझिम बारसात में गढ़कलेवा का फरा-चीला का स्वाद से लोग खिंचे आते रहे। गढ़कलेवा परिसर के पारंपरिक ठीहा में ओपनडोर रेस्टोरेंट की तर्ज पर बारिश की हल्की फुहार में गर्मागर्म फरा-चीला के स्वाद ने लोगों का मूड बना दिया। विगत 10 साल से संचालित हो रहे इस गढ़कलेवा में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद का सिलसिला लगातार जारी है। गढ़कलेवा शहर के बीचोबीच महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में स्थित होने से छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के खानपान का अड्डा बन गया है। यहां केवल पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन ही परोसे जाते हैं।



अगर आप भी चीला, फरा, बड़ा, अंगाकर रोटी, चावल की रोटी के साथ हरी-लाल मिर्च की तीखी चटनी के शौकीन हैं तो गढ़कलेवा का एक फेरा जरूर लगाएं। गढ़कलेवा की सबसे खास बात ये है कि यहां प्रशिक्षित महिलाएं और कुछ पुरुष रसोईए ग्राहकों के लिए ऑर्डर पर पारंपरिक तरीके से उनको व्यंजन परोसते हैं। खाद्य पदार्थों को परोसने के लिए भी छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति में इस्तेमाल किए जाने वाले कांसे और पीतल के बर्तनों की व्यवस्था है। छत्तीसगढ़ी खानपान के साथ पूरा माहौल छत्तीसगढ़िया टच में होने से गढ़कलेवा आम-खास हर वर्ग के लिए फैमिली-फ्रेंड्स के साथ स्वादिष्ट पल बिताने का सबसे खास स्थान बना हुआ है।




#### बारिश में ऑनलाइन ऑर्डर से घर बैठे लुफ्त उठा रहे

*गढ़कलेवा संचालक टीम के महिला सदस्यों ने बताया कि बारिश के चलते लोग अपनी पसंद के व्यंजन ऑनलाइन ऑर्डर कर मंगा रहे हैं। ऐसे ग्राहकों के ऑर्डर को लेकर तत्काल डिलीवरी कराई जा रही है। यहां आकर एकदम से आर्डर देने की बाध्यता भी नहीं है और आराम से बैठकर बातचीत करते पसंदीदा व्यंजन का आर्डर करें। बड़े-बड़े होटलों व रेस्टारेंट के ही समान गढ़कलेवा में भी ऑनलाइन पार्सल की सुविधा उपलब्ध है। उपभोक्ता अपने मनपसंद छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुत्फ घर बैठे ही उठा सकते हैं।*

#### टोकन सिस्टम से व्यंजन परोस रहे

*गढ़कलेवा में पहुंचने वाले ग्राहकों को उनके पारंपरिक व्यंजन टोकन सिस्टम से परोसे जाते हैं। इसके लिए गढ़कलेवा के प्रवेश द्वार पर ही टोकन काउंटर बना हुआ है, जहां पर टोकन कटाकर व्यंजनों का निर्धारित बिल चुकाकर काउंटर से पारंपरिक व्यंजन लेते हैं। यहां पर साफ-सफाई व सर्विस के मामले में भी कभी कोताही नहीं बरती जाती। सुबह खुलने से लेकर देर शाम बंद होने तक यहां छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की खुशबू फैली रहती है।*

**समाज लाइव**

# ओडिसी नृत्य ने किया मंत्रमुग्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़े छात्र



**रायपुर।** कोलंबिया ग्लोबल स्कूल ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से स्पिक मैके कार्यक्रम की मेजबानी की। इस अवसर ओडिसी नृत्यांगना जाह्नवी बेहरा ने ओडिशा के शास्त्रीय नृत्य ओडिसी की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति दी। स्पिक मैके का उद्देश्य देश के युवाओं के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य, कला और संस्कृति को लोकप्रिय बनाना है। इसी दिशा में प्रयास करते हुए कोलंबिया ग्लोबल स्कूल ने ओडिशा के कलाकारों को आमंत्रित किया। इस अवसर पर जाह्नवी बेहरा, हरप्रिया स्वैन, वायलिन वादक प्रदीप कुमार मोहराना और मर्दला कलाकार सौम्य रंजन नायक का स्वागत जनप्रगति शिक्षा समिति के सचिव हरजीत सिंह हूरा, निदेशक रविंदर सिंह हूरा व विद्यालय के प्रिंसिपल आईविन स्मिथ ने पुस्तक भेंट कर किया।

### कलाकारों के लंबे जुड़ाव की सराहना

प्राचार्य स्मिथ ने मंच से सभी अतिथियों का स्वागत किया और कोलंबिया समूह के साथ कलाकारों के लंबे जुड़ाव की सराहना की। इसके बाद जाह्नवी बेहरा ने ओडिसी नृत्य की उत्पत्ति, इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं विविध कला रूपों की जानकारी देते हुए पारंपरिक शैली में एक प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उन्होंने भारतीय लोकनृत्य की समृद्ध विरासत को जीवंत करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर हरजीत सिंह हूरा ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। अंत में विद्यालय की कक्षा 9वीं की छात्रा पलक सेन ने सभी कलाकारों और उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

● गोलबाजार में सावन माह से पहले ही बढ़ी रौनक, रूद्राक्ष की माला-प्रिंटेड टी-शर्ट, गमछे का थोक में ऑर्डर

# कांवड़ियों के लिए सज गया सावन का बाजार सूरत-अहमदाबाद से मंगाए भक्तों के परिधान

*'सावन में कांवड़ियों का दल हर-हर महादेव, बम-बम भोले, ऊं नमः शिवाय का जयघोष करते हुए अलग-अलग आस्था केंद्रों में जलाभिषेक करने निकलता है। इस भक्ति यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं का पहनावा भी भगवान शिव के प्रति प्रगाढ़ आस्था का प्रतीक होता है। इसे देखते हुए गोलबाजार के थोक बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। इस बार सूरत-अहमदाबाद से शिवजी और महाकाल की प्रिंट वाले टी-शर्ट, कुर्ते, हाफ पैंट मंगाए गए हैं। महाकाल और ओम नमः शिवाय प्रिटेंड गमछे भी शिवभक्तों के लिए बाजार में सजे हैं।'*

**रायपुर।** शिवजी की आराधना के लिए शास्त्रों में सावन महीने को पवित्र माना गया है। इस साल का सावन 11 जुलाई से शुरू होने वाला है। इसमें पूजा-अर्चना एवं अभिषेक कराने का संकल्प लेने वाले भक्तों द्वारा विशेष आयोजन किए जाते हैं। कई संस्थाओं एवं समाज से जुड़े लोगों द्वारा सावन में भव्य कांवड़ यात्रा की परंपरा निभाई जाती है। इसमें शामिल होने वाले भक्तों के लिए एक जैसा पहनावा तय होता है। यह पहल लंबी दूरी तक कांवड़ लेकर आने-जाने वाले भक्तों की सुविधा के लिए किया जाता है। बल्क में कांवड़ियों के लिए टी-शर्ट, कार्यकर्ताओं के लिए कुर्ता और महिलाओं के लिए साड़ी भी विविध रेंज में आर्डर करने लगे हैं। इस बार कांवड़ियों के लिए 100 से 500 की रेंज में टी-शर्ट व हाफ पैंट मंगाए गए हैं, जो प्लेन और प्रिंट में भी बिक रहे हैं।





### कांवड़ियों की सुविधा के लिए खास लोटा

कांवड़ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालु जिस आस्था केंद्र से कांवड़ लेकर चलना शुरू करते हैं, वहां से जलाभिषेक करने का संकल्प होता है, वहां तक यात्रा के दौरान रास्ते में कांवड़ को जमीन पर नहीं रखना होता। इस दूरी के बीच लोटे में लिए गए जल को बचाना आसान नहीं होता है। लोगों की सुविधा के लिए बाजार में खास लुक में प्लास्टिक का लोटा आया है। ढक्कन लगे हुए लोटे को लेकर चलने से यात्रा के दौरान जल भी छलकने से बचता है। आकर्षक लोटे का चलन अब बड़े आयोजनों ही नहीं, बल्कि युवाओं द्वारा निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा में भी देखने को मिलता है। सुविधा और मांग को देखते हुए आर्डर कर रहे हैं।

### 200 से 400 रुपए तक कस्टमाइज होगा कांवड़

शहर में लोगों के पास समय नहीं होता, इसलिए कांवड़ियों का हर साजो-सामान 10 मिनट में मिलने लगा है। कारोबारी धनराज ने बताया कि बांस के कांवड़ को सामान्य 111 रुपए में तो कस्टमाइज करके 200 से 400 में दिया जाएगा। इस तरह की सुविधा होने से लोगों को भटकने की जरूरत नहीं पड़ती है। कॉलोनियों व बस्तियों की दुकानों में भी इस बार कांवड़ियों के लिए जरूरी सामान रखने के लिए अलग-अलग क्षेत्र में दुकानों का संचालन करने वालों समेत दूसरे जिलों के व्यापारी भी आर्डर देने के लिए आ रहे हैं। कांवड़ के लिए बांस की लकड़ी, दो प्लास्टिक को लोटे और दो रस्सियां इस बार कांवड़ियों को मिलेंगी।



### एक ही सेट में शामिल ये जरूरी सामान

पॉश कॉलोनियों और सोसायटी में रहने वाले लोग भी बच्चों के साथ कांवड़ यात्रा में शामिल होने लगे हैं। इसे देखते हुए अब महाकाल व ओम नमः शिवाय प्रिंटेड टी-शर्ट और हाफ पैंट के साथ झोला, मोबाइल बैग 200 से 400 रुपए में एक सेट में शामिल हैं। कुर्ते की रेंज 100 से 500 तक है। सूरत, अहमदाबाद से मंगाए गए कांवड़ परिधान में चर्चित महाकाल और शिव संकीर्तन प्रिंट वाला कुर्ता लेने के लिए लोगों में इस बार भी उत्साह है। व्यापारी तेजमल बताते हैं कि अब नौकरीपेशा लोग ग्रुप बनाकर कांवड़ यात्रा से पहले ही ऑर्डर बुक कराने लगे हैं। अभी तक 10 संस्थाओं और आयोजकों ने आर्डर बुक किया है।

**आराधना**

# गुरु पूर्णिमा पर होगी गुरुदीक्षा विविध संस्कार-अमृताशन भी



**रायपुर।** गुरु पूर्णिमा तिथि पर समता कॉलोनी में इस बार भी गुरु गीता पाठ के साथ ही विभिन्न प्रकार के संस्कार और दीक्षा का आयोजन किया जाएगा। गुरु दीक्षा में मां गायत्री महामंत्र के जाप और गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य के सप्तसूत्रीय आंदोलन की जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में गायत्री परिवार ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने बताया कि हर साल शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मंत्रजाप, यज्ञ और संस्कारों से जोड़ने की परंपरा निभाई जाती है। 10 जुलाई से एक दिन पहले ही महामंत्रों का जाप एवं माताजी की पूजा-अर्चना की जाएगी।

### जिनका जन्मदिवस उनके नाम से आहुति

जिनका जन्मदिवस रहता है, उनके नाम से यज्ञ में आहुतियां दी जाती हैं। ऐसे लोगों का नाम पहले ही शक्तिपीठ में दर्ज कराया जाता है और रोज सुबह होने वाले यज्ञ में उनके नाम से आहुति दी जाती है। इसके साथ ही वातावरण शुद्धिकरण, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए यज्ञ में आहुतियां दी जाती है। दोपहर 1 से 2 बजे के बीच पूर्णाहुति दी जाती है। इसके बाद ही अमृताशन प्रसादी की व्यवस्था परिजनों के लिए की जाती है। गुरु पूर्णिमा पर संध्या कालीन 5 से 6 बजे के बीच दीपयज्ञ का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें दीपों से स्वास्तिक एवं हजारों दीपक से मंदिर परिसर को रोशन करने की तैयारी है।

# शिव परिवार और गणों की चौमासे में होगी पूजा देवउठनी तक योग निद्रा में रहेंगे भगवान विष्णु

**चातुर्मास में शिव परिवार पर रहेगा पृथ्वी का भार, इस बीच आराधना उत्तम फलकारी**

**रायपुर।** आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि से जगत के पालनहार भगवान विष्णु पृथ्वी का भार भगवान शिव को देने के बाद योग निद्रा में चले जाते हैं। इसके चलते ही चौमासे का शुभारंभ और इसके बाद श्रावण मास शुरू होने के साथ ही एक महीने महादेव की आराधना के लिए सावन को पवित्र माना गया है। इस बीच सनातन धर्मानुरागी शिव परिवार और उनके गणों की पूजा करते हैं। भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि इसका जिक्र धर्मशास्त्रों में मिलता है। इस वजह से भी चौमासे में मांगलिक आयोजनों की मनाही रहती है। ऐसा इसलिए होता है कि जब जगत के पालनहार योग निद्रा में होते हैं, तब सिर्फ आराधना का समय होता है। इस बीच में वैवाहिक और मांगलिक प्रयोजन से जुड़े काम नहीं होते हैं।



### 26 अगस्त तक आस्था संग मनेगा उत्सव

*सावन से पहले ही आषाढ़ मास की गुरु पूर्णिमा को योगियों के गुरु की पूजा होती है। भागवताचार्य ने बताया कि योग-साधना करने वाले भगवान शिव को गुरु मानते हैं। 11 जुलाई के बाद 25 को हरियाली तीज मनाई जाएगी। इसके बाद 29 को नागपंचमी मनाई जाएगी। इस दिन लोग भगवान शिव के गण नागदेवता की आराधना करेंगे। 9 अगस्त को भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन मनाया जाएगा। इसके साथ ही भाद्रपद मास कृष्णपक्ष की तृतीया यानी 12 अगस्त को कजरी तीज मनेगी। भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की चतुर्थी 26 अगस्त को गणेश चतुर्थी मनाई जाएगी।*

### चौमासे में देव आराधना का प्रावधान

*भागवताचार्य पं. शुक्ला और वेदाचार्य पं. मोहन पाठक ने बताया कि चौमासे के बीच में भगवान शिव और उनके गणों की पूजा-अर्चना और व्रत करने का प्रावधान है। इस बीच गणेश पूजा, दुर्गा पूजा के साथ ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव भी मनाया जाएगा। यह सिलसिला देवउठनी एकादशी तक यानी 1 नवंबर तक चलेगा। पं. पाठक ने बताया कि जगत के पालनहार का भार शिव परिवार और उनके गणों एवं दूतों को देने के साथ ही चौमासे में देव आराधना का भी प्रावधान है। इस बीच पूजा-अर्चना करना उत्तम फलकारी होता है।*

# महिलाओं ने 90 दिनों में किया ड्रेस डिजाइनिंग-सिलाई कोर्स

**रायपुर।** शहर में सरोकार से जुड़ी संस्थाएं अब गृहिणियों को भी आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुहिम शुरू करने लगी हैं। इसी श्रृंखला में सुधा सोसाइटी फाउंडेशन ने आमासिवनी गांव में महिलाओं के लिए 90 दिवसीय महिला सिलाई एवं ड्रेस डिजाइनिंग कोर्स सफलता से किया। समापन समारोह में भी अतिथियों ने भाग लिया। कोल इंडिया लिमिटेड के पूर्व महाप्रबंधक जेएस जॉली मुख्य अतिथि के रूप में और उद्यमी गिरिजा भार्गव एवं तुषार भार्गव विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ थे। वॉलंटियर्स प्राची अग्रवाल सहित सभी टीम मेंबर्स ने भी इसमें शिरकत की। अतिथियों का स्वागत कॉफी मग देकर किया फाउंडेशन के अध्यक्ष जीके भटनागर ने किया। उन्होंने बताया कि संस्था गृहिणियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पहल करती है।



### कौशल विकास की तर्ज पर नई पहल

**गृहिणियों को आत्मनिर्भर बनाने संस्थाओं की मुहिम**

*उन्होंने बताया कि इस कड़ी में आमासिवनी गांव की दस महिलाओं ने सफलता से प्रशिक्षण को पूरा किया। समापन समारोह के अवसर पर उन्हें प्रमाण-पत्र दिए गए। अतिथियों ने सुधा सोसाइटी की कौशल विकास की तर्ज पर की गई पहल के लिए सराहा। महिला सशक्तिकरण पर इस तरह के प्रयास का आने वाले दिनों में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। समुदाय में व्यावसायिक कौशल के जरिए महिलाओं की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए सुधा सोसाइटी फाउंडेशन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। सुधा ओपन स्कूल के बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया। अतिथियों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।*

# देवशयनी एकादशी पर निकाली भव्य निशान यात्रा, बारिश में जमकर झूमे खाटू श्याम प्रेमी

**श्यामप्रेमियों ने ढोल-नगाड़े के साथ निकाली निशान यात्रा**

**रायपुर।** देवशयनी एकादशी के अवसर पर श्री श्याम सत्संग महिला मंडल द्वारा रविवार को भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। जवाहर नगर स्थित श्री शिव राधाकृष्ण मंदिर से शुरू हुई यह यात्रा लगातार रिमझिम बारिश के बीच भी श्रद्धा और उल्लास से सराबोर रही। करीब 500 श्याम प्रेमियों ने ढोल-नगाड़ों, भजनों और जयकारों के साथ झूमते-गाते हुए यात्रा में भाग लिया। श्याम सत्संग महिला मंडल द्वारा यह निशान यात्रा पिछले 27 वर्षों से लगातार निकाली जा रही है। यात्रा श्री शिव राधाकृष्ण मंदिर एवं राजा तालाब स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर से प्रारंभ होकर समता कॉलोनी के खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर संपन्न होती है।





यहां सभी भक्त श्याम बाबा की पूजा-अर्चना कर निशान अर्पित करते हैं। इस वर्ष की यात्रा में भी श्रद्धालु तेज बारिश के बावजूद भक्तिभाव में भीगते हुए शामिल हुए। भजन, ढोल-नगाड़े, पुष्पवर्षा, इत्र वर्षा और आरती के साथ वातावरण श्याममय हो गया। भक्तों ने श्याम बाबा को मनोकामना पूर्ण करने वाले निशान समर्पित किए। मीडिया प्रभारी ज्योति अग्रवाल ने जानकारी दी कि यात्रा का नेतृत्व अध्यक्ष संगीता सरावगी ने किया।



ज्योतिष

# कई ग्रह के अपनी चाल में बदलाव से लाभ की प्राप्ति संभव



जुलाई का नया सप्ताह ज्योतिष और धार्मिक दोनों ही दृष्टि से खास है। इस हफ्ते जहां महादेव के प्रिय माह सावन की शुरुआत होगी, वहीं कई ग्रह भी अपनी चाल में बदलाव करेंगे। बता दें, 11 जुलाई से सावन महीने की शुरुआत होगी। लेकिन, उससे पहले 9 जुलाई को देव गुरु बृहस्पति मिथुन राशि में उदय होंगे। इसके अलावा 13 जुलाई को न्याय के कारक शनि मीन में वक्री होंगे। साथ ही चंद्रमा वृश्चिक, धनु और मकर राशि में गोचर करेंगे। ऐसे में इस पूरे सप्ताह ग्रहों का शुभ प्रभाव 12 राशियों पर बना रहेगा। हालांकि, कुछ राशि वालों को विशेष लाभ की प्राप्ति संभव है।

**मेष** : मेष राशि वालों के लिए यह सप्ताह नए अवसर लेकर आया है। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं, तो कोई अहम फैसला लेंगे जिससे लाभ मिलने के योग है। करियर की दृष्टि से यह समय आपके लिए अत्यंत ही शुभ रहने वाला है। किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे। जीवनसाथी से कोई बड़ा सरप्राइज़ गिफ्ट भी मिल सकता है। इस दौरान रोजी-रोजगार के संबंध में की गई यात्राएं शुभ साबित होंगी। सामाजिक जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। यह सप्ताह आपके लिए एक नई शुरुआत की तैयारी का समय भी है। पूर्व में की गई गलतियों को सुधारेंगे।

**सिंह** : सिंह राशि वालों के लिए समय खास रहेगा। आपको माता-पिता का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होगा। सप्ताह की शुरुआत में यात्रा पर जाने के योग बनेंगे। मैरिड लाइफ सुखमय बनी रहेगी। इस दौरान संतान पक्ष से सुख-सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के किसी प्रिय सदस्य की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में आपको विशेष लाभ मिलने के योग बनेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों की सराहना होगी। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगें। परिवार खासकर माता-पिता और बुजुर्गों के साथ समय बिताना आपके लिए अत्यंत लाभकारी रहेगा। निवेश में आप अच्छा लाभ कमाएंगें।

**तुला** : यह सप्ताह आपके लिए शुभ रहेगा। किसी प्रिय व्यक्ति के आगमन से घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा। अटकी हुई योजनाओं में गति आने से आपके भीतर सकारात्मकता बढ़ेगी। इस दौरान विवाह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। यदि आप पहले से प्रेम संबंध में बने हुए हैं, तो लव पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे मानसिक शांति बढ़ेगी। तनाव में कमी आएगी। नए काम से अच्छा लाभ होगा। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। यह सप्ताह यात्रा, शिक्षा और नए विचारों से भरा रहेगा।

# घर पर लगे ये पौधे दिलाते हैं अपार धन-दौलत और खत्म करते हैं वास्तु दोष



धरती पर जीवन की कल्पना बिना पेड़-पौधे के संभव नहीं है। पेड़े-पौधे हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हिंदू धर्म और संस्कृति में पेड़-पौधों को पर्यावरण के लिए खास तो माना ही गया है। साथ ही यह जीवन में शुभता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। हिंदू धर्म ग्रंथों और वास्तु शास्त्र में कई ऐसे पौधों के बारे में वर्णन है जिसे लगाने से हरियाली तो मिलती ही है साथ ही दुर्भाग्य और वास्तु संबंधी दोष भी दूर होते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ ऐसे पौधे होते हैं जिसे घर पर लगाने से न सिर्फ वास्तु दोष खत्म होता है, बल्कि इससे आर्थिक संपन्नता में वृद्धि होती है और धन चुंबक की तरह आकर्षित होता है।

**क्रासुला का पौधा** : वास्तु शास्त्र में क्रासुला के पौधे को बहुत ही शुभ और लाभकारी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस पौधे को घर पर लगाने से पैसों से जुड़ी परेशानियों का अंत होता है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसकी छोटी-छोटी पत्तियों में धन को आकर्षित करने की अनोखी शक्ति होती है। जिन घरों में यह पौधा लगा होता है वहां पर कभी भी दरिद्रता का प्रवेश नहीं होता है।

**तुलसी का पौधा** : हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को बहुत ही पूजनीय माना गया है। तुलसी के पौधे में साक्षात माता लक्ष्मी का वास होता है और यह भगवान विष्णु को अतिप्रिय होता है। जिन घरों में तुलसी का पौधा होता है और नियमित रूप से पूजा होती है वहां पर धन की कोई कमी नहीं रहती। घर पर तुलसी का पौधा होने से धन संबंधी तमाम तरह की परेशानियां दूर होती हैं और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**मनी प्लांट का पौधा** : मनी प्लांट के पौधे को धन-दौलत और सुख-समृद्धि पाने के लिए अच्छा माना जाता है। ज्योतिष में मनी प्लांट के पौधे का संबंध शुक्र ग्रह से होता है। जिन घरों में मनी प्लांट का पौधा लगा हुआ होता है वहां पर हमेशा सुख, समृद्धि और संपन्नता आती है। इस पौधे के घर पर लगा होने से आर्थिक स्थिति में मजबूती आती है।

**बांस का पौधा** : बांस का पौधा शुभता, वृद्धि और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। यह पौधा फेंगशुई के साथ-साथ भारतीय वास्तु में भी समृद्धि देने वाला माना गया है। वास्तु अनुसार के अनुसार इसे घर की पूर्व दिशा या लिविंग रूम में रखा जाना चाहिए।

## युवा-बुजुर्ग सभी देखे जा रहे इसका शिकार

# कोरोना के बाद अब एक नई 'साइलेंट महामारी' को लेकर अलर्ट

हाल के वर्षों में दुनियाभर ने कोरोना जैसी घातक महामारी का सामना किया। इसके कारण करोड़ों लोग न केवल संक्रमण का शिकार हुए, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों की मौतें भी हुई। हालांकि, वैश्विक स्वास्थ्य संगठनों के लिए कोरोना महामारी अकेली चिंता नहीं है, कई अन्य प्रकार की स्वास्थ्य स्थितियां भी परेशान करती रही हैं। ऐसी ही एक समस्या है अकेलापन, जिसको लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अलर्ट किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि दुनिया का हर छठा व्यक्ति अकेलेपन का शिकार है, ये स्थिति खामोश महामारी का रूप लेती जा रही है। अकेलापन यानी लोगों से अलग-थलग रहना, बातचीत न हो पाना एक बड़े खतरे के तौर पर उभरती स्थिति है।



### अकेलापन- एक गंभीर वैश्विक स्वास्थ्य

डब्ल्यूएचओ ने अकेलेपन को एक गंभीर वैश्विक स्वास्थ्य खतरा घोषित किया है। अमेरिकी विशेषज्ञों ने कहा कि इसके घातक दुष्प्रभाव एक दिन में 15 सिगरेट पीने के बराबर हैं। विशेषज्ञ कहते हैं, वैसे तो अकेलेपन की समस्या नई नहीं है, ये लंबे समय से स्वास्थ्य के लिए चिंता का कारण बनी रही है। हालांकि, कोविड-19 महामारी के दौरान आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों के रुकने और कई प्रकार की नकारात्मक स्थितियों ने खतरे को कई गुना बढ़ा दिया है। साल 2023 में डब्ल्यूएचओ ने अकेलेपन की बढ़ती समस्या पर एक अंतरराष्ट्रीय आयोग का गठन भी किया था। अकेलेपन के कारण स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों पर नजर डालें तो पता चलता है कि वृद्ध वयस्कों में, अकेलेपन के कारण डिमेंशिया जैसी गंभीर समस्या विकसित होने का जोखिम 50%, जबकि कोरोनरी आर्टरी रोग या स्ट्रोक होने का जोखिम 30% तक बढ़ जाता है। ये युवाओं के जीवन को भी प्रभावित कर रही है। आंकड़ों के अनुसार, 5% से 15% किशोर अकेलेपन का अनुभव करते हैं। अफ्रीका में 12.7%, जबकि यूरोप में यह आंकड़ा 5.3% है।

### समय से पहले बढ़ा देता है मृत्यु का खतरा

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सोशल कनेक्शन कमीशन की रिपोर्ट में इस संकट को उजागर किया गया है। रिपोर्ट के सह-अध्यक्ष डॉ. विवेक मूर्ति का कहना है कि यह अकेलापन न केवल लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है, बल्कि शिक्षा, रोजगार और अर्थव्यवस्था पर भी गहरा असर डाल रहा है। खास तौर पर युवाओं में अत्यधिक मोबाइल और स्क्रीन समय और नकारात्मक ऑनलाइन व्यवहार मानसिक तनाव को और बढ़ा रहे हैं। जबकि सामाजिक जुड़ाव जीवन को लंबा, स्वस्थ और खुशहाल बनाता है। वहीं, अकेलापन स्ट्रोक, हृदय रोग, मधुमेह, स्मृति की समस्या और समय से पहले मृत्यु का खतरा बढ़ा देता है।

### ऑनलाइन जुड़ाव अधिक, फिर भी अकेलापन

आज के दौर में तकनीकी साधनों के माध्यम से लोगों से जुड़ाव पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है। मोबाइल फोन, वीडियो कॉल, ऑनलाइन संदेश और वर्चुअल बैठकें अब आम हो गई हैं, लेकिन इन सबके बावजूद अकेलेपन की बढ़ती भावना काफी चिंताजनक है। अकेलापन केवल मानसिक पीड़ा नहीं है, बल्कि इसके दुष्प्रभाव हर वर्ष आठ लाख सत्तर हजार से ज्यादा लोगों की जान ले रहा है, यानी हर घंटे सौ से अधिक लोगों की मृत्यु इसके कारण हो रही है।

# इन लोगों को नहीं रखना चाहिए सावन सोमवार का व्रत, फायदे की जगह हो सकता है नुकसान

सावन का महीना हिंदू धर्म में बेहद खास माना जाता है। ये पूरा महीना भगवान शिव की भक्ति को समर्पित होता है। खासतौर पर सावन का सोमवार बहुत ही पवित्र माना जाता है। इस दिन लोग व्रत रखकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। ऐसी मान्यता है कि सावन सोमवार का व्रत रखने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-शांति आती है। यूं तो सावन के सोमवार का व्रत बहुत ही पवित्र माना जाता है, लेकिन यह व्रत सबके लिए फायदेमंद हो यह जरूरी नहीं। दरअसल, कुछ ऐसी हेल्थ कंडीशंस होती हैं, जिसमें सावन के सोमवार का व्रत रखना आपके लिए मुश्किल खड़ी कर सकता है। कुछ खास स्थितियों में व्रत सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है और गंभीर बीमारियों की वजह बन सकता है। इसलिए, सावन के सोमवार का व्रत रखने से पहले यह जरूर जान लें की किन लोगों को यह व्रत नहीं करना चाहिए।



**डायबिटीज के मरीजों के लिए जोखिम भरा हो सकता है व्रत** : अगर कोई व्यक्ति डायबिटीज से पीड़ित है, तो उसे सावन सोमवार का व्रत रखने से पहले जरूर सोच लेना चाहिए। व्रत के दौरान लंबे समय तक खाली पेट रहना पड़ता है और डायबिटीज के मरीजों को समय-समय पर भोजन और दवा की जरूरत होती है। अगर खाने और दवा का संतुलन बिगड़ा, तो शरीर में शुगर का लेवल अचानक गिर या बढ़ सकता है, जिससे चक्कर आना, बेहोशी या अन्य गंभीर समस्या हो सकती हैं। इसलिए डायबिटीज के मरीजों को बिना डॉक्टर की सलाह के व्रत नहीं रखना चाहिए।

**प्रेग्नेंट महिलाओं को भी व्रत से करना चाहिए परहेज** : प्रेग्नेंसी एक बहुत ही सेंसिटिव स्टेज होती है, जिसमें महिलाओं को खास देखभाल की जरूरत होती है। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को नियमित तौर पर हेल्दी डाइट लेना जरूरी होता है, जिससे मां और बच्चे दोनों स्वस्थ रहें। व्रत के दौरान भूखा रहना या सीमित आहार लेना, प्रेग्नेंट लेडीज के शरीर को जरूरी पोषण नहीं दे पाता और इससे बच्चे की ग्रोथ पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा गर्भावस्था में कमजोरी, चक्कर आना और ब्लड प्रेशर कम होने की समस्याएं आम होती हैं, जो व्रत के चलते और बढ़ सकती हैं।

# 35 का होते ही महिलाओं के क्यों झड़ने लगते बाल? ये हैं वजह और उपचार

खूबसूरत लंबे घने बाल ना सिर्फ आपके चेहरे की सुंदरता बढ़ाते हैं, बल्कि अच्छी सेहत की भी निशानी होते हैं। हालांकि, आजकल बिगड़ी हुई जीवनशैली, बढ़ता तनाव, खानपान की खराब आदतें और बालों पर करवाया जाने वाला केमिकल ट्रीटमेंट, ज्यादातर लोगों के लिए हेयर फॉल की समस्या पैदा कर रहा है। चिंता की बात यह है कि 35 की उम्र के बाद महिलाओं में यह समस्या ज्यादा बढ़ने लगती है। अगर आप भी बालों के झड़ने से परेशान रहते हैं तो हेयर फॉल कंट्रोल करने के लिए पार्लर में अपॉइंटमेंट नहीं, बल्कि इसके पीछे की असल वजह और उपचार का पता लगाएं।

**हार्मोनल बदलाव** : महिलाओं के शरीर में 35 के बाद कई तरह के हार्मोनल बदलाव आने शुरू हो जाते हैं। लेकिन, यह बदलाव 40 की उम्र आने तक काफी ज्यादा बढ़ जाते हैं। इस उम्र में कई महिलाएं अपने प्रीमेनोपॉज फेज से गुजर रही होती है तो कुछ का उम्र बढ़ने की वजह से शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन लेवल कम होने लगता है। इन दोनों हार्मोन के कम होने से हेयर फॉलिकल्स कमजोर हो जाते हैं, जिससे बाल पतले और टूटने लगते हैं।

**पोषक तत्वों की कमी** : शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्व आयरन, विटामिन डी, बायोटिन और प्रोटीन की कमी लंबे समय तक होने से भी हेयर फॉल की समस्या हो सकती है।



**स्ट्रेस** : लाइफ में बढ़ता स्ट्रेस भी आपके हेयर फॉल का कारण बन सकता है। जो महिलाएं लंबे समय तक स्ट्रेस में रहती हैं उनकी हेयर ग्रोथ साइकिल डिस्टर्ब हो जाती है, जो हेयर फॉल का कारण बनती है।

**मेडिकल कंडीशन** : उम्र बढ़ने के साथ अगर आपको थायराइड डिसऑर्डर, डायबिटीज या ऑटोइम्यून डिजीज जैसी कोई मेडिकल समस्या है तो भी आपको हेयर फॉल की समस्या हो सकती है। इसके अलावा कई बार कुछ खास दवाएं जैसे ब्लड प्रेशर, कीमोथेरेपी, एंटीडिप्रेसेंट्स लेने से भी हेयर फॉल हो सकता है।




# क्या होती है जैविक घड़ी? स्वस्थ जीवन जीने के लिए क्या है बॉडी क्लॉक का महत्व

रात होते ही हमें अपने आप नींद आने लगती है, और सुबह जैसे ही उजाला होता है हम जाग जाते हैं। उठने के बाद हमें अपनी दैनिक क्रियाएं करनी होती हैं और फिर हमें भोजन करने की इच्छा होती है। आपने ध्यान दिया होगा कि हम ये सभी काम एक तय समय पर ही करते हैं। हमें कब क्या करना है, हमारा शरीर खुद ही समझ जाता है, और इन सब के पीछे काम करती है हमारे शरीर की जैविक घड़ी।

दरअसल, हमारे शरीर के अंदर एक खास सिस्टम होता है, जिसे जैविक घड़ी कहते हैं। इसे सर्केडियन रिदम या बॉडी क्लॉक जैसे नामों से भी जाना जाता है। यह घड़ी हमारे शरीर और दिमाग को 24 घंटे के एक तय टाइम-टेबल पर चलाने में मदद करती है।

जैविक घड़ी का मुख्य कार्य हमारे सोने-जागने के पैटर्न, भूख, पाचन क्रिया, कई हार्मोनों के स्राव और शरीर के तापमान जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को नियंत्रित करना है। यह विशेष रूप से उजाला और अंधेरा के आधार पर काम करती है, जैसे सुबह की रोशनी हमें जागने का संकेत देती है और रात का अंधेरा हमें सोने का संकेत देती है। एक स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए इस जैविक घड़ी का सही तालमेल बनाए रखना बेहद जरूरी है, क्योंकि इसका असंतुलन कई स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकता है।

### जैविक घड़ी कैसे काम करती है?

हमारी जैविक घड़ी शरीर के कामों को दिन-रात के हिसाब से चलाती है। सुबह सूरज की रोशनी हमारे दिमाग को जगाती है, जिससे कॉर्टिसोल जैसे हार्मोन ज्यादा बनते हैं और हम तरोताजा महसूस करते हैं। रात में अंधेरा होने पर मेलाटोनिन हार्मोन बढ़ता है, जिसकी वजह से हमें नींद आने लगती है। अगर हम देर रात तक जागते हैं, अनियमित सोते हैं, या बहुत ज्यादा स्क्रीन देखते हैं, तो ये आदतें इस चक्र को बिगाड़ सकती हैं। इसका बुरा असर हमारी संपूर्ण सेहत पर पड़ता है, जैसे हमें थकान, चिड़चिड़ापन होने लगता है, साथ ही हमारा इम्यूनिटी सिस्टम भी कमजोर होने लगता है।




### असंतुलन के नुकसान

जब जैविक घड़ी बिगड़ती है, तो कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। अनियमित नींद से मोटापा, डायबिटीज, हृदय रोग और कमजोर इम्यूनिटी का जोखिम बढ़ता है। देर रात तक मोबाइल या लैपटॉप का उपयोग मेलाटोनिन के स्राव को कम करता है, जिससे नींद की कमी होती है। अनियमित खानपान मेटाबॉलिक सिंड्रोम का कारण बन सकता है। लंबे समय तक जैविक घड़ी का असंतुलन मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है, जैसे चिड़चिड़ापन और एकाग्रता में कमी।

### जैविक घड़ी को स्वस्थ रखने के उपाय

जैविक घड़ी को संतुलित रखने के लिए नियमित दिनचर्या अपनाएं। रोजाना एक ही समय पर सोएं और जागें। सुबह सूरज की रोशनी लें और रात में नीली रोशनी (मोबाइल, टीवी) से बचें। निश्चित समय पर भोजन करें और रात को हल्का खाना खाएं। नियमित व्यायाम, खासकर सुबह, और योग या ध्यान तनाव को कम करते हैं। अगर नींद या अन्य समस्याएं बनी रहें, तो डॉक्टर से सलाह लें। नियमित जैविक घड़ी स्वस्थ, ऊर्जावान और बीमारी-मुक्त जीवन की कुंजी है।

# बिना लक्षणों के भी हो सकता है हार्ट अटैक, इन लोगों में होता है इसका ज्यादा खतरा

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

मशहूर हार्ट सर्जन और माधुरी दीक्षित के पति डॉ. श्रीराम नेने ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि हार्ट अटैक के 20 फीसदी मामले बिना किसी लक्षण के भी हो सकते हैं। हृदय के अचानक पंप करना बंद कर देने या फिर अनियमित और खतरनाक धड़कन की स्थिति हार्ट अटैक का कारण बन सकती है। इस तरह के हार्ट अटैक के मामले में व्यक्ति थोड़ा अस्वस्थ महसूस कर सकता है, बेहोश हो जाता है। निदान के दौरान हार्ट अटैक की पुष्टि हो सकती है।



### साइलेंट हार्ट अटैक में क्या दिक्कतें होती हैं?

हार्ट अटैक का नाम सुनते ही सीने में दर्द की समस्या होना सबसे आम माना जाता है, पर साइलेंट हार्ट अटैक में ये लक्षण भी नहीं होते हैं। साइलेंट हार्ट अटैक के लक्षण ऐसे होते हैं जिन्हें आप आमतौर पर हार्ट अटैक से जोड़कर नहीं देखते। आपको शायद पता ही न चले कि आपको हार्ट अटैक हुआ है। साइलेंट हार्ट अटैक के लक्षण आपको ऐसा महसूस करा सकते हैं जैसे आपको फ्लू है। ऐसे मामलों में अक्सर रोगी बहुत थके हुए, अपच, सिर चकराने जैसी शिकायतें करते हैं।

### कहीं आपको भी तो नहीं है इसका खतरा?

डॉक्टर बताते हैं, साइलेंट हार्ट अटैक के कई जोखिम कारक हो सकते हैं, अगर आपको भी इस तरह की कोई दिक्कत है तो सावधान हो जाइए। अधिक वजन (बीएमआई या बॉडी मास इंडेक्स 25 या उससे अधिक होना) या नियमित शारीरिक गतिविधि न करना आपके लिए दिक्कतें बढ़ाने वाला हो सकता है। इसके अलावा यदि आपको उच्च रक्तचाप या हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या रहती है तो भी सावधान हो जाइए और डॉक्टर से सलाह जरूरी ले लें।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रुई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार | निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### कभी पेट भरने के लिए 300 रुपए में बेचा पालतू डॉग, फिर एक फिल्म ने बदली 'रॉकी' की किस्मत



फिल्मों में गोलियों की बारिश में भी अडिग खड़ा हीरो था रैंबो। एक ऐसा फाइटर जो रिंग में खड़ा होकर अपने सामने वाले को एक मुक्के में धूल चटा देता है, वो था रॉकी बाल्बोआ और तबाही का दूसरा नाम- एक्सपेंडेबल्स जिसका कैप्टन कभी हार नहीं मानता। इन सब किरदारों के पीछे एक ही नाम है- सिलवेस्टर स्टैलोन। सिल्वेस्टर स्टैलोन का जन्म 6 जुलाई 1946 को अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में हुआ था। जन्म के दौरान डॉक्टर्स की एक गलती के कारण उनके चेहरे का निचला हिस्सा पैरालाइज्ड हो गया। इसका असर उनकी आवाज और बोलने के तरीके पर भी पड़ा, जिससे उनका स्कूल जीवन काफी मुश्किल हो गया। साथ ही, माता-पिता के बीच झगड़ों ने उनके बचपन को और भी मुश्किल बना दिया। स्कूल में उन्हें कई बार निकाल दिया गया क्योंकि वो चिड़चिड़े हो गए थे और लड़ाई-झगड़ा करने लगे थे। जवानी में उन्होंने अभिनेता बनने का सपना देखा, लेकिन उनका चेहरा और भारी आवाज देखकर किसी भी निर्माता ने उन्हें मौका नहीं दिया। पैसों की तंगी इस कदर थी कि उन्हें कई दिन बिना खाना खाए गुजारने पड़े। इतना ही नहीं, साल 1971 में उन्होंने अपने प्यारे पालतू कुत्ते 'बटकस' को भी सिर्फ 40 डॉलर यानी सिर्फ 300 रुपए में बेच दिया, ताकि वो खुद का पेट भर सकें। साल 1975 में एक दिन उन्होंने मशहूर बॉक्सर मोहम्मद अली की एक फाइट देखी।

## टॉलीवुड

### सुरेश रैना ने एक्टिंग में रखा कदम तमिल फिल्म से डेब्यू को तैयार



ग्लैमर और क्रिकेट एक-दूसरे को अपनी ओर खींचते रहे हैं। कई क्रिकेटरों को अपना जीवनसाथी फिल्मी सितारों में नजर आया, तो कई सितारों को अपना बिजनेस-करियर क्रिकेट में दिखा। अब टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा है। वे तमिल फिल्म 'प्रोडक्शन नंबर 1' से डेब्यू करने जा रहे हैं। स्टार क्रिकेटर ने सोशल मीडिया पर अपनी एक्टिंग डेब्यू का ऐलान करके फैंस और क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचित कर दिया है। प्रोडक्शन हाउस ड्रीम नाइट स्टोरीज ने एक वीडियो शेयर करके सुरेश रैना की पहली फिल्म के बारे में बताया, जिसका नाम प्रोडक्शन नंबर 1 बताया जा रहा है। इसे मशहूर डायरेक्टर लोगन बना रहे हैं, जिनके पास मान कराटे, रेमो और गेतु जैसी फिल्में बनाने का अनुभव है। फिल्म के टीजर लॉन्च ईवेंट में तमिल सिनेमा के बड़े नाम पहुंचे थे। प्रोमो में एक आदमी शोर-शराबे के बीच क्रिकेट मैदान में चलता नजर आ रहा है। फिर सुरेश रैना की साइड प्रोफाइल की झलक मिलती है। उन्होंने वीडियो के साथ दिए कैप्शन में लिखा है, 'चिन्ना थाला सुरेश रैना का स्वागत करें, जो 'प्रोडक्शन नंबर 1 का हिस्सा हैं।' सुरेश रैना के फैंस उन्हें प्यार से चिन्ना थाला कहते हैं, क्योंकि वे आईपीएल फ्रेंचाइजी से लंबे वक्त तक चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़े रहे हैं। उन्होंने एक्स पर अपना वीडियो शेयर करते हुए लिखा, क्रिकेट फील्ड से कॉलीवुड फ्रेम तक, चैन्नई का जुनून मेरे साथ है। ड्रीम नाइट स्टोरीज के साथ नई जर्नी शुरू करने पर रोमांचित हूं.' सुरेश रैना के साथी शिवम दुबे ने उनके फिल्मी सफर पर अपना रोमांच जताया।

## भोजपुरी

### गुजराती बहू बनकर छाईं काजल राघवानी अनोखी है फिल्म की कहानी



काजल राघवानी की अपकमिंग मूवी गुजराती बहू का जबरदस्त ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे दर्शकों ने हाथों-हाथ लिया है। इसे खूब पसंद किया जा रहा है। फिल्म में काजल राघवानी ने एक गुजराती बहू का किरदार निभाया है, जिसकी शादी उत्तर प्रदेश में रहने वाले एक परिवार से हो जाती है। जहां वो सबका दिल जीतने की कोशिश करती है, लेकिन उसकी जिंदगी में तूफान मच जाता है। वो लड़की को अपनाने से इनकार कर देते हैं। लेकिन, लड़की अपनी नेकदिली से सबका दिल जीत लेती है। जब सब कुछ ठीक हो रहा होता है, तभी कुछ ऐसा होता है कि उसकी जिंदगी बदल जाती है। इस फिल्म में काजल राघवानी, प्रशांत सिंह, रंभा साहनी, रिंकू भारती, संगीता राय, पुष्पेंद्र राय, रीतु चौहान, पार्थ मिश्रा, प्रेम दुबे, अनिता ओझा, पूर्वी दुबे, ज्योति सिंह, रागिनी यादव, कमलेश सिंह हैं। हर्ष राज और दीक्षा मिश्रा बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट नजर आए हैं। डायरेक्टर मंजुल ठाकुर हैं। लेखक अरविन्द तिवारी हैं। फिल्म के निर्माता संदीप सिंह, मंजुल ठाकुर हैं। इस फिल्म के ट्रेलर को खूब सराहा जा रहा है। इसे यूट्यूब पर अब तक 1,749,191 व्यूज मिल चुके हैं। लोग इसकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक ने लिखा, 'क्या गजब यूनिक मूवी आया है अपनी क्वीन का।' दूसरे ने कहा, 'बहुत बढ़िया'। एक और ने कहा, 'सुपर मूवी है।'

## लाइफ स्टाइल

### समर स्टाइल के लिए खास है ये लुक

विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप देखने पहुंची प्रियंका चोपड़ा ने राल्फ लॉरेन की डिज़ाइन की गई 1.84 लाख रुपए की एल्ड्रेड कॉटन पिके ड्रेस पहनी थी, जिसे इस समर सीजन के लिए परफेक्ट माना जा रहा है। इस ड्रेस में देसी गर्ल काफी क्लासिक और एलीगेंट नजर आईं। इस शानदार आउटफिट की सबसे बड़ी खासियत इसका इटालियन कॉटन पिके फैब्रिक है, जो न केवल हल्का और आरामदायक है, बल्कि गर्मी के मौसम में बिल्कुल परफेक्ट भी। ड्रेस में स्ट्रक्चर्ड स्प्रेड कॉलर, स्लीवलेस फिटेड नेकलाइन और बैकलेस डिटेल ने इसे सिंपल होने के साथ-साथ ग्लैमरस भी बना दिया। वहीं, साइड-सीम पॉकेट्स ने आउटफिट को एक कैजुअल मॉडर्न टच दिया।




## मानसून में चेहरा हो रहा ऑयली? बढ़ रही पिम्पल की समस्या तो लगाएं ये पैक

मानसून का मौसम जहां गर्मी से राहत देता है, वहीं यह त्वचा के लिए कई परेशानियां भी लेकर आता है। हवा में नमी बढ़ने के कारण स्किन खासकर चेहरे पर ऑयल चिपकने लगता है। इससे चेहरे पर गंदगी जमती है, पोर्स बंद हो जाते हैं और पिंपल्स की समस्या बढ़ जाती है। ऑयली स्किन वालों के लिए यह मौसम और भी ज्यादा चुनौती भरा हो सकता है। अगर आप बार-बार पिंपल्स, एक्ने और ब्लैकहेड्स से परेशान रहते हैं, तो घरेलू उपायों को आजमाना फायदेमंद हो सकता है। खासकर चावल का आटा और कुछ अन्य प्राकृतिक चीजें मिलाकर एक ऐसा फेस पैक तैयार किया जा सकता है, जो न केवल अतिरिक्त ऑयल को हटाएगा, बल्कि स्किन को साफ और ग्लोइंग भी बनाएगा।

**चावल के आटे में मिलनी है ये चीज :** चावल का आटा स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद विटामिन्स और मिनरल्स स्किन को एक्सफोलिएट करने का काम करते हैं। यह डेड स्किन सेल्स हटाकर त्वचा को स्मूद बनाता है



और पोर्स को डीप क्लीन करता है। इसके साथ ही यह स्किन का पीएच बैलेंस बनाए रखने में भी मदद करता है। चावल का आटा नेचुरल तरीके से त्वचा से अतिरिक्त तेल को सोख लेता है, जिससे चेहरा ज्यादा फ्रेश और मैट फिनिश में नजर आता है। इसलिए, मानसून के मौसम में चावल के आटे से बना फेस पैक एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

### प्राकृतिक उपाय अपनाकर स्किन को बनाएं ग्लोइंग

इस पैक का सप्ताह में 2 से 3 बार उपयोग करने से ऑयलीनेस कम होती है, पिंपल्स की समस्या कंट्रोल में रहती है और स्किन हेल्दी व साफ नजर आती है। साथ ही इस पैक में मौजूद सभी नेचुरल इंग्रीडिएंट्स स्किन को पोषण देते हैं और किसी भी तरह का साइड इफेक्ट नहीं छोड़ते। अगर आप चाहें तो इस पैक में थोड़ी सी हल्दी भी मिला सकते हैं, जो एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होती है। मानसून में त्वचा को ऑयलीनेस और पिंपल्स से बचाने के लिए फेस पैक के साथ-साथ हेल्दी डाइट, भरपूर पानी पीना और स्किन की रेगुलर क्लीनिंग भी जरूरी है। रासायनिक प्रोडक्ट्स की बजाय प्राकृतिक उपाय अपनाकर आप अपनी स्किन को मानसून के मौसम में भी ग्लोइंग और हेल्दी बनाए रख सकते हैं।

## सावन के महीने में जाना है शिव मंदिर तो ट्राई करें ये आउटफिट

फैशन




11 जुलाई से शुरू होने वाले सावन के महीने में इस बार चार सोमवार पड़ेंगे। वैसे तो इस पूरे महीने ही शिव मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें होते हैं। लेकिन, सोमवार को लोग जो लोग व्रत-उपवास करते हैं, वो इस दिन अवश्य ही मंदिर जाकर भोलेनाथ की अराधना करते हैं। मान्यता है कि सावन में सच्चे मन से भोलेनाथ की अराधना करने से हर मनोकामना पूरी होती है।

सावन सोमवार का व्रत अविवाहित लड़कियां मुख्य रूप से करती हैं। यदि आप भी सावन में भोलेनाथ की पूजा के लिए मंदिर जाना चाहती हैं तो खास आउटफिट पहनकर जाएं। ध्यान रखें कि मंदिर में आपके कपड़े जगह के हिसाब से होने चाहिए। ऐसे में यदि आप भी सावन के महीने में मंदिर जाना चाह रही हैं तो यहां दिए गए विकल्पों में से चयन करके अपना आउटफिट सिलेक्ट करें।

**साड़ी :** ये जरूरी नहीं है कि आप सावन में हरे रंग की साड़ी पहनकर मंदिर जाएं। आप लाल रंग की ऐसी बनारसी साड़ी पहनकर भी पूजा के लिए मंदिर जा सकती हैं। साड़ी पहन रही हैं तो इसका पल्लु सही से अटैच करें, क्योंकि खुला पल्लु भीड़ में आपको परेशान कर सकता है। वहीं, अपने बालों को भी खुला रखने की जगह मेसी बन बनाएं। मेसी बन के साथ गजरा भी लगा सकती हैं।

**प्लाजो सूट :** कुछ आरामदायक पहनना है तो साड़ी की जगह प्लाजो सूट कैरी करें। प्लाजो पहनकर आप जमीन पर बैठकर भी पूजा कर सकेंगी। चूड़ीदार पायजामी तो कतई पहनकर मंदिर न जाएं। इससे आपको काफी उलझन होगी। ऐसे में प्लाजो सूट पहनकर मंदिर जाएं। इसके साथ बालों को हल्का कर्ल करके हाफ टाई करें।

**शरारा सूट :** शरारा सूट देखने में काफी अच्छा लगता है और आज-कल तो ये काफी ट्रेंड में भी है। इसी वजह से ये हर लड़की के पास होता भी है। इसलिए, आप शिवालय शरारा सूट पहनकर भी जा सकती हैं। पीला रंग होता भी काफी शुभ है, इसलिए आप ऐसा पीले रंग का शरारा पहनकर मंदिर जाएं।

**कुर्ता और पैंट :** कुछ हल्का, लेकिन क्लासी लुक कैरी करना चाहती हैं तो हरे रंग की पैंट और उसके साथ का कुर्ता भी आप कैरी कर सकती हैं। ऐसे आउटफिट के साथ अपने बालों को हाफ टाई करें, ताकि आपके खुले बाल बार-बार आपको परेशान न करें। इसके साथ पैरों में फ्लैट्स ही पहनें।

**रंग का रखें खास ध्यान :** अब बारी आती है आउटफिट के रंग की तो ध्यान रखें शिव मंदिर में कभी भी काले और नीले कपड़े पहनकर नहीं जाने चाहिए। कोशिश करें कि आपका आउटफिट हरे रंग का हो।

## सफेद साड़ी पर बहुत खूबसूरत लगते हैं इस रंग के ब्लाउज

सफेद साड़ी को भारतीय पारंपरिक परिधानों में बेहद खास और क्लासिक माना जाता है। इसकी खास बात यह है कि यह हर उम्र की महिलाओं पर शालीन और एलिगेंट लुक देती है। खासकर जब सफेद साड़ी को साउथ इंडियन स्टाइल में स्टाइल किया जाए, तो यह एक रॉयल और कल्चरल फील देती है। लेकिन, सफेद साड़ी को परफेक्ट लुक देने के लिए सही रंग के ब्लाउज का चुनाव बेहद जरूरी होता है। सही ब्लाउज न सिर्फ आपके लुक को निखारता है, बल्कि आपको एक कम्प्लीट एथनिक अपील भी देता है।

**गोल्डन ब्लाउज :** सबसे पहले बात करें गोल्डन ब्लाउज की, तो यह सफेद साड़ी के साथ सबसे क्लासिक और रिच कॉम्बिनेशन माना जाता है। साउथ इंडियन स्टाइल में अक्सर महिलाएं सफेद या ऑफ व्हाइट कांजीवरम या कॉटन साड़ियों के साथ गोल्डन ज़री बॉर्डर वाले ब्लाउज पहनती हैं। गोल्डन ब्लाउज लुक में रॉयल टच देता है। इस लुक को और निखारने के लिए आप गोल्ड ज्वेलरी जैसे झुमके, हार और मांगटीका भी पहन सकती हैं।



### गहरा लाल रंग का ब्लाउज

दूसरे नंबर पर आता है मरून या गहरा लाल रंग का ब्लाउज। यह रंग सफेद साड़ी के साथ बहुत अच्छा कंट्रास्ट बनाता है और पारंपरिक के साथ-साथ ग्लैमरस लुक भी देता है। खासकर सिल्क साड़ी के साथ जब मरून या रेड ब्लाउज पहना जाता है, तो वह फेस्टिव और फंक्शनल वियर के लिए बेहतरीन ऑप्शन बन जाता है।

**नेवी ब्लू ब्लाउज :** तीसरा लोकप्रिय विकल्प है रॉयल ब्लू या नेवी ब्लू ब्लाउज। यह कलर सफेद के साथ स्टाइलिश कंट्रास्ट बनाता है और मॉडर्न के साथ-साथ ट्रेडिशनल दोनों तरह का लुक देता है। रॉयल ब्लू ब्लाउज के साथ सिल्वर ऑक्सिडाइज्ड ज्वेलरी पहनने से लुक और भी आकर्षक लगता है।

## नए जूते से कट रहे पैर? काम आएंगे ये उपाय, बेफिक्र पहनेंगे न्यू शूज और हील्स

नए जूते या हील्स खरीदने की खुशी जितनी होती है, उन्हें पहनने का दर्द उतना ही ज्यादा महसूस होता है। अक्सर लोग नए फुटवियर पहनते ही शिकायत करते हैं कि पैर में छाले हो गए, स्किन छिल गई या चलना मुश्किल हो रहा है। दरअसल, नए जूते थोड़े टाइट या सख्त हो सकते हैं और यही पैरों को नुकसान पहुंचाते हैं। खासकर जब आप बिना मोड़े के इन नए शूज को लंबे समय तक पहनते हैं। लेकिन, चिंता की बात नहीं है, कुछ आसान उपायों को अपनाकर आप न सिर्फ पैरों की सेफ रख सकते हैं, बल्कि अपने पसंदीदा नए फुटवियर को पूरे कॉन्फिडेंस के साथ पहन भी सकते हैं।

**जूतों को पहले घर में पहनें :** नए जूतों को बाहर पहनने से पहले कुछ



दिन घर में ही पहनने की आदत डालें। इससे जूते आपके पैरों के आकार के अनुसार थोड़ा ढीला हो जाएगा और बाहर पहनते समय रगड़ या छाले की समस्या नहीं होगी। दिन में 20-30 मिनट तक चलकर इसे 'ब्रेक इन'करने की कोशिश करें।

**मोज़े पहनकर ढीले करें जूते :** अगर जूते बहुत टाइट लग रहे हैं, तो मोटे मोजे पहनकर कुछ देर के लिए जूते पहनें। चाहें तो हेयर ड्रायर की गर्म हवा भी मोजे के ऊपर से जूते पर चला सकते हैं। इससे जूते की मटेरियल थोड़ा फैलता है और वह ज्यादा आरामदायक हो जाता है।

**हील्स में पैड या सोल इनसर्ट्स डालें :** अगर नई हील्स पहनने में एड़ी या पंजे में दर्द हो रहा है, तो सोल इनसर्ट्स या जेल पैड का इस्तेमाल करें। ये आपके पैरों को कुशनिंग देंगे और रगड़ से बचाएंगे। कई कंपनियां हील्स के लिए खासतौर पर डिज़ाइन किए गए पैड्स भी बनाती हैं।

**नारियल तेल या वैसलीन लगाएं :** पैर के उन हिस्सों पर, जहां जूते रगड़ खाते हैं (जैसे एड़ी, उंगलियों के पास), वहां नारियल तेल या वैसलीन की हल्की परत लगा लें। इससे स्किन पर एक सेफ लेयर बन जाती है और छाले या स्किन छिलने की समस्या नहीं होती।

कार्नर न्यूज

### यूनीक डिजाइन से लड़कियां क्यों कर रहीं अपनी ड्रेस को मैच

## ड्रामों ने बढ़ाया कोरियन स्टाइल की छतरियों का ट्रेंड

बारिश के मौसम को हमेशा रोमांस से जोड़ा गया है और जब से दुनिया कोरियन ड्रामों की फैन हुई है, तब से इसकी झलक फैशन में भी दिखने लगी है। मानसून भी इससे अछूता नहीं रहा है। इन दिनों लोगों के बीच कोरियन स्टाइल की छतरी का क्रेज बढ़ गया है। खासकर लड़कियां इसे अपने आउटफिट से मैच कर रहे हैं।




### इनवर्टेड छतरी का क्रेज

कोरिया में स्टाइल के साथ कंफर्ट का भी ध्यान रखा जाता है, इसलिए वहां की इनवर्टेड छतरी भी बहुत पॉपुलर हैं। इनवर्टेड छतरी को उलटी छतरी भी कहा जा सकता है, क्योंकि ये पारंपरिक छतरियों से हटकर अंदर की तरफ बंद होती हैं। जब आप इसे बंद करते हैं, तो भीगा हिस्सा अंदर की ओर मुड़ जाता है, जिससे पानी बाहर नहीं टपकता. इसकी डबल लेयर तेज हवा में भी स्टेबल रहती है। इसका हैंडल सी शेप का होता है जो आसानी से पकड़ा जा सकता है।

### फैशन स्टेटमेंट बन गई है ये छतरी

इनका प्रिंट और डिजाइन लड़कियों की चॉइस से बहुत मेल खाता है, इसलिए ये छतरियां फैशन स्टेटमेंट बन गई हैं। यह उनकी एक्ससेरीज का खास हिस्सा बन चुकी हैं। वह वेस्टर्न आउटफिट, ट्राउजर, स्कर्ट, को-ऑर्ड सेट से कलरफुल छतरियों को मैच कर रही हैं। यही नहीं, स्लिम बेल्ट्स, रेन बूट्स और रेन कोट्स के साथ इन्हें पेयर किया जा रहा है।

### ट्रांसपेरेंट होती हैं कोरियन छतरी

भारत समेत पूरी दुनिया कोरियन ड्रामों और के-पॉप कल्चर की फैन बन चुकी है। इनसे जुड़ी हर चीज ट्रेंड करने लगती है। चाहे वह ब्यूटी प्रोडक्ट हों, कपड़े हों या जूते. इन दिनों कोरियन स्टाइल की छतरियों का जादू चल रहा है। यह फैशन स्टेटमेंट बन गई हैं। इन छतरियों की खास बात यह है कि ये ट्रांसपेरेंट होती हैं। इनमें से कुछ प्लेन होती हैं तो कुछ पर स्माइली, फूल, कार्टून, बादल या फल जैसे क्यूट प्रिंट बने होते हैं। लड़कियों को इस तरह की छतरी खूब अट्रैक्ट कर रही हैं। यहीं नहीं, कोरियन स्टाइल की छतरियों में सॉफ्ट कलर टोन जैसे बेबी पिंक, पेल ब्लू, मिंट ग्रीन, लैवेंडर रंग भी देखने को मिलते हैं।



### अलग है कोरिया की ट्रेडिशनल छतरी

कोरिया में छतरी को यू-सान कहा जाता है। जो छतरी आपको इन दिनों कोरियन ड्रामों में देखने को मिल रही हैं, वह वहां की ट्रेडिशनल छतरी से बेहद अलग है। इन्हें हांजी नाम के ट्रेडिशनल कोरियन पेपर और बैंबू से बनाया जाता है। बैंबू से इसकी फ्रेमिंग होती है और कागज पर ऑयलिंग कर इसे वाटरप्रूफ बनाया जाता है। इस इको फ्रेंडली छाते पर कोरियन कल्चर को भी उकेरा जाता है।